राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 19 अंकः 193 पृष्ठः 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पंजाब कैबिनेटः बेअदबी के खिलाफ विधेयक मंजूर



टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़। पंजाब में हो रही धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सख्त कानून बनाने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उम्मीद की जा रही है कि सरकार इसे विधानसभा में पेश करेगी। कैबिनेट ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025 को भी हरी झंडी दे दी है। सोमवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाकर बेअदबी कानून को मंजूरी दे दी गई। इस बिल का नाम पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025 होगा। इस बिल को सरकार आज ही विधानसभा में पेश कर सकती है। इसमें धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद की सजा देने का प्रावधान किया गया है। दरअसल, पंजाब में बेअदबी की कई घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके खिलाफ एक सख्त कानून बनाने की मांग उठ रही थी मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि सरकार ऐसा कानून लाना चाहती है, जो स्थायी हो और आने वाले समय में भी मजबूती से लागू रहे।

## भारत-चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम, सीमा पर कम हुआ तनावः विदेश मंत्री एस जयशंकर

टीम एक्शन इंडिया
बीजिंग। भारत ने चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक प्रगति बनाये रखना दोनों देशों की साझा की जिम्मेदारी बताते हुए आज आशा व्यक्त की कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दृढ़ता से बरकरार रखा जाएगा। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने यहां अपने चीनी समकक्ष वांग यी से द्विपक्षीय बैठक की जिसमें दोनों नेताओं ने आपसी मुद्दों और वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया और इस बात पर भी जोर दिया कि भारत एवं चीन को पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को बढ़ावा देने तथा प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों और बाधाओं से बचने की जरूरत है। डॉ जयशंकर ने अपने शुरुआती वक्तव्य में द्विपक्षीय संबंधों में हालिया सकारात्मक प्रगति को बनाए रखने और सीमावर्ती मुद्दों के समाधान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम अपने संबंधों के प्रति एक दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाएँ और रणनीतिक संचार को नियमित करें।



इस स्थिर और रचनात्मक संबंधों से ही विश्व को लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यह तभी संभव है जब पारस्परिक तौर पर सम्मान, हित और संवेदनशीलता बनायी रखी जाये। विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर के उद्घाटन वक्तव्य को जारी किया गया है। वे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन पहुंचे हैं। उन्होंने चीन को एससीओ की अध्यक्षता संभालने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि भारत उनकी अध्यक्षता में रचनात्मक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कज़ान में 2024 में दोनों देशों के नेताओं की मुलाकात के बाद संबंधों में सकारात्मक गति आई है, जिसे बनाए रखना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक संवाद बढ़ा है और भविष्य में यह नियमित रूप से एक-दूसरे के देशों में होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह आवश्यक है कि हम अपने संबंधों के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाएँ।

**नीति स्पष्ट**
एससीओ) की बैठक में आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दृढ़ता से बरकरार रखा जाएगाः जयशंकर

**फास्ट न्यूज**

### असीम घोष हरियाणा, पी गजपति राजू गोवा के राज्यपाल नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविन्द्र गुप्ता को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख का उप राज्यपाल बनाया गया है। राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रपति ने केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के उप राज्यपाल पद से ब्रिगेडियर (सेनि.) बीडी मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनके स्थान पर कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल बनाया गया है। नई नियुक्तियां पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगी।

### दुर्घटनाग्रस्त विमान में तकनीकी समस्या नहीं मिलीः एयर इंडिया

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः अहमदाबाद हादसे के बारे में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को पहली प्रतिक्रिया दी है। टाटा की अगुवाई वाली विमानन कंपनी के एमडी ने कहा कि 12 जून को गुजरात में दुर्घटनाग्रस्त विमान या उसके इंजन में कोई यांत्रिक या रख-रखाव संबंधी समस्या नहीं पाई गई है। कैंपबेल विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक ई-मेल में कहा है कि पिछले महीने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में कई सारी चीजें स्पष्ट हो गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण बताया गया और न ही कोई सुझाव दिया गया है। विल्सन ने आगे कहा कि विमान के ईंधन की गुणवत्ता में कोई समस्या नहीं थी और टेक-ऑफ रोल में कोई असामान्यता नहीं थी। उन्होंने एयर इंडिया के कर्मचारियों को इस संदेश में कहा कि पायलटों ने उड़ान से पूर्व ब्रेथलाइज़र परीक्षण पास कर लिया था। उनकी चिकित्सा जांच के दौरान कोई भी चिंताजनक बात सामने नहीं आई थी। विल्सन ने कर्मचारियों से अपील की कि वे जल्दबाजी में कोई निष्कर्ष न निकालें, क्योंकि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करते रहेंगे। 12 जून को गुजरात में दुर्घटनाग्रस्त विमान पर शनिवार को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की थी।

**कैंटीन में खाने-पीने की चीजों में मौजूद कैलोरी की देनी होगी जानकारी**

# मोटापे के खिलाफ स्वास्थ्य मंत्रालय की तैयारी

**बोर्ड लगेगा**
समोसा, जलेबी, जैसे चीजों को बेचने वाले संस्थानों को अब इनमें मौजूद कैलोरी और शुगर की जानकारी देनी होगी

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः मोटापे की समस्या को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक खास रणनीति बनाई है। समोसा, जलेबी, कचौरी जैसे जायकेदार चीजों को बेचने वाले संस्थानों को अब इनमें मौजूद कैलोरी और शुगर की जानकारी देनी होगी। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी मंत्रालयों के सचिवों को पत्र लिख कर मोटापे के खिलाफ कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सिगरेट की तरह सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों पर अब खाने-पीने की चीजों में तेल और चीनी की मात्रा के बोर्ड लगाने के सुझाव दिए गए हैं। ये सूचनात्मक पोस्टर और डिजिटल बोर्ड का मकसद समोसे, कचौरी, पिज्जा, पकौड़े, केले के चिप्स, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम और चॉकलेट पेस्ट्री में मौजूद चीनी और तेल की सही मात्रा के बारे में जानकारी देना है। सभी मंत्रालयों के सचिवों को 21 जून को लिखे गए पत्र में कई सुझाव दिए गए हैं। इन सुझावों में सभी सरकारी संस्थानों में तेली हुई चीजें, मिठाई जैसे खाने-पीने की चीजों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों (कैफेटेरिया, लॉबी, बैठक कक्ष और अन्य सार्वजनिक स्थानों) में तेल और चीनी बोर्ड के डिस्प्ले लगाने का सुझाव दिया गया। इसके साथ मोटापे से लड़ने के दैनिक अनुस्मारक को सुदृढ़ करने के लिए सभी आधिकारिक स्टेशनरी (लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फोल्डर आदि) और प्रकाशनों पर स्वास्थ्य संदेश छापने के सुझाव दिए गए हैं। पौष्टिक, स्वास्थ्यवर्धक भोजन विकल्पों (अधिक फल, सब्जियां और कम वसा वाले विकल्प) को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ कार्यस्थलों में सीढ़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित करना, छोटे व्यायाम का आयोजन करना और पैदल चलने के मार्गों को सुगम बनाना भी शामिल है।




### सरकार ऐसा क्यों कर रही है?

भारत में मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के दस्तावेज बताते हैं कि 2050 तक भारत में 44.9 करोड़ लोग मोटापे या अधिक वजन से प्रभावित हो सकते हैं। खराब खानपान और कम शारीरिक गतिविधि इसके मुख्य कारण हैं। इसलिए सरकार जंक फूड को सिगरेट की तरह खतरनाक मानकर लोगों को सतर्क करना चाहती है।

**क्या ये चेतावनी सिगरेट की तरह ही होगी?**
हां, सरकार का मकसद जंक फूड को सिगरेट जैसे स्वास्थ्य जोखिमों की श्रेणी में रखना है।

### समोसा और जलेबी का ये नियम क्या है?

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अब समोसा, जलेबी, लड्डू और वड़ा पाव जैसी खाने की चीजों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए इन पर चेतावनी जारी करने को कहा है। इसके लिए केंद्रीय संस्थानों में 'तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड' लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**ये 'तेल और शक्कर चेतावनी बोर्ड' क्या हैं?**
ये बोर्ड सेंट्रल इंस्टीट्यूट की कैंटीन और वहां की सार्वजनिक जगहों पर लगाए जाएंगे। इन पर समोसा, जलेबी, पकौड़ा, लड्डू जैसे नाश्तों में मौजूद तेल और चीनी की मात्रा की जानकारी दी जाएगी।

### ये नियम कहां-कहां और कब से लागू होंगे

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी केंद्रीय संस्थानों, जैसे एम्स नागपुर, को इन बोर्ड्स को लगाने का आदेश दिया है। ये बोर्ड कैंटीन, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दिखाई देंगे। दिल्ली में भी जंक फूड पर सिगरेट जैसी चेतावनी लगाने की तैयारी है। हालांकि इसकी सटीक तारीख की जानकारी अभी नहीं दी गई है।

**क्या पहले भी ऐसे आदेश दिए जा चुके हैं?**
मई में सीबीएसई ने पूरे भारत में 24,000 से ज्यादा स्कूलों में शुगर बोर्ड्स लगाने के निर्देश दिए थे।



मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

### भारत और अमेरिका फिर से शुरू करेंगे द्विपक्षीय व्यापार वार्ता

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर एक और दौर की वार्ता सोमवार देर शाम से शुरू होगी। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम वार्ता के लिए वाशिंगटन पहुंच गई है। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को इस वार्ता में शामिल होंगे। प्रस्तावित बीटीए के लिए भारत के उप-मुख्य वार्ताकार वाशिंगटन पहुंच गए हैं। भारत के मुख्य वार्ताकार एवं वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल बुधवार को इस बातचीत दल का हिस्सा बनेंगे, चार दिवसीय यह वार्ता गुरुवार को संपन्न होगी। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में भारतीय दल वार्ता के लिए वाशिंगटन में था, जहां 26 जून से 2 जुलाई तक बातचीत हुई।

### 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझें नागरिक'

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के बारे में आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर फटकार लगाई है। जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने हेमंत मालवीय की याचिका पर 15 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हेमंत मालवीय से पूछा कि आप ये सब क्यों करते हैं। तब हेमंत की ओर से पेश वकील वृंदा ग्रोवर ने कहा कि ये कार्टून 2021 में कोरोना काल के दौरान के हैं। उन्होंने कहा कि भले ही इस कार्टून को सही नहीं ठहराया जा सकता है, लेकिन क्या ये एक अपराध है। कोर्ट कह चुकी है कि



कार्टून भले ही आक्रामक हो लेकिन ये अपराध नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कोर्ट को कानून के मुताबिक काम करना है। तब मध्यप्रदेश सरकार की ओर से पेश एएसजी केएम नटराज ने कहा कि ऐसी चीजें लगातार हो रही हैं। तब ग्रोवर ने कहा कि कार्टून से कानून-व्यवस्था की स्थिति कभी नहीं आयी। सवाल निजी स्वतंत्रता का है कि क्या इसमें गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने की जरूरत है। कार्टूनिस्ट मालवीय ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

### केंद्र-राज्य सरकारें हेट स्पीच को रोकेंः सुप्रीम कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा- केंद्र और राज्य सरकारें हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को रोकें। साथ ही इस बात का ध्यान रखें कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन न हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- लोग नफरत भरे भाषण को बोलने की आजादी समझ रहे हैं, जो गलत है। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, ताकि सरकार को इसे नियंत्रित करने की जरूरत न पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें कोलकाता के वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहीं।



### वैश्विक बागवानी मानचित्र पर उभरता केंद्र बनेगा गन्नौरः मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/संजीव कौशिक
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा अब सिर्फ कृषि राज्य नहीं, बल्कि वैश्विक बागवानी मानचित्र पर उभरता केंद्र बनने जा रहा है। यह परियोजना केवल किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी, युवाओं को रोजगार और पूरे क्षेत्र को आर्थिक समृद्धि प्रदान करेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को सोनीपत के गन्नौर में बन रही भारतीय अंतरराष्ट्रीय बागवानी फल-फूल



मंडी का निरीक्षण किया। उनके साथ सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे। चंडीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर विकसित हो रही यह मंडी एशिया की सबसे बड़ी बागवानी मार्केट के रूप में स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने मंडी परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि यह मंडी गन्नौर को विश्व के मानचित्र पर लाएगी, किसानों की आमदनी बढ़ाएगी, युवाओं को रोजगार देगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति देगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन, राई विधायक कृष्णा गहलोत, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, जिला महामंत्री नीरज कुमार ठरु भी थे।

**निरीक्षण**
गन्नौर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बागवानी फल-फूल मंडी मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

### खुदरा महंगाई दर जून में घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 फीसदी पर


टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः थोक महंगाई के बाद खुदरा महंगाई दर में भारी गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर जून महीने में घटकर 77 महीने के निचले स्तर 2.10 फीसदी पर आ गई है। मई में यह 2.82 फीसदी और जून, 2024 में 5.08 फीसदी के स्तर पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों के आधार पर बताया कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर जून महीने में घटकर 2.10 फीसदी पर आ गई, जो 77 महीने का निचला स्तर है।



**आपदा से हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचे**

## सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक

टीम एक्शन इंडिया
शिमला। चमन शर्मा
हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की हुई तबाही को लेकर के जिला मंडी और अन्य क्षेत्रों में आपदा से हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचे। सीएम सुक्खू सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट करेंगे। वह मंडी जिले के थुनाग, करसोग आदि क्षेत्रों में बादल फटने से हुए जानमाल के नुकसान से शाह को अवगत करवाएंगे और प्रदेश के लिए



आपदा राहत पैकेज मांगेंगे। सीएम अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के लिए 2023 में आई आपदा राहत राशि को जारी करने का मामला भी उठा सकते हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने लंबित आपदा राहत पैकेज में से 2006 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दी है। हालांकि, अभी इसकी पहली किस्त भी हिमाचल प्रदेश को नहीं मिली है। इसकी किस्त जल्द जारी करने के अलावा सीएम लंबित आपदा राहत पैकेज का भी मुद्दा उठाएंगे। मुख्यमंत्री बार-बार यह बात दोहरा चुके हैं कि वर्ष 2023 में आई आपदा में हिमाचल प्रदेश को करीब 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। पिछले दिनों आई आपदा ने भी मंडी जिला समेत पूरे प्रदेश में करीब 800 करोड़ रुपये की क्षति हो चुकी है। वह ऐसे तमाम मसलों पर अमित शाह से बात करेंगे।

**मांग**
मुख्यमंत्री हिमाचल के लिए 2023 में आई आपदा राहत राशि को जारी करने का मामला भी उठा सकते हैं

## शुभांशु शुक्ला के स्वदेशी किट के साथ किए गए प्रयोगों का लाभ पूरे विश्व को होगाः जितेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्लीः एक्सिओम-4 मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर लगभग 18 दिन बिताने के बाद पृथ्वी पर वापसी करने वाले हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सबसे खास बात यह है कि शुभांशु ने वहां जो प्रयोग किए हैं, चाहे वे जीवन विज्ञान से संबंधित हों या वृक्षारोपण से, उनके लिए किट हमारे जैव प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय



विज्ञान संस्थान, बंगलुरु और आईआईटी जैसे हमारे संस्थानों से उपलब्ध कराए गए थे। यानी स्वदेशी किट, स्वदेशी प्रयोग, स्वदेशी लोगों द्वारा किए गए प्रयोगों का लाभ देश ही नहीं दुनिया के अन्य देश उठाएंगे और उनका उपयोग करेंगे। डॉ. सिंह ने सोमवार को मीडिया से कहा कि अंतरिक्ष में किए गए सभी प्रयोगों की कल्पना भी नहीं की गई थी। भारत की पहल पर शुभांशु ने पूरी दुनिया के लिए यह कर दिखाया है। पहली बार भारतीय मूल के प्रयोग किसी भारतीय व्यक्ति द्वारा दुनिया के लिए किए गए हैं।

**उपलब्धि**
शुभांशु ने पूरी दुनिया के लिए यह कर दिखाया है। भारतीय व्यक्ति द्वारा दुनिया के लिए किए गए हैं




# उत्तर भारत

नई दिल्ली, 15 जुलाई 2025

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# हेल्थ सेक्टर पर सरकार का विशेष फोकसः सीएम

48 करोड़ की लागत से बनेगा डायग्नोस्टिक लैब एवं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक, 5 मंजिल भवन होगा, 450 बेड की होगी पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैलिसिटी ब्लॉक की क्षमता, मिलेगी घर जैसी सुविधा

**स्वास्थ्य सुविधाएं**

**नये प्रशासनिक भवन को भी सीएम ने दिये पंख, 48 करोड़ की लागत से बनेगा 2 मंजिला भवन**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** केजीएमयू का प्रशासनिक भवन जल्द ही नए कलेवर में नजर आएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को केजीएमयू के नये प्रशासनिक भवन, अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब और पेशेंट एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक के साथ न्यू गेस्ट हाउस की आधारशिला रखी। यह तीनों निर्माण 99.10 करोड़ की लागत पूरे होंगे। इसी के साथ किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में मरीजों के इलाज और जांच की दिशा में नये युग की शुरूआत होगी।

**हाईटेक डायग्नोस्टिक लैब से मरीजों को मिलेगी 24 घंटे जांच की सुविधा**

केजीएमयू के प्रवक्ता केके सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब से मरीजों को 24 घंटे उच्च गुणवत्ता की जांच सेवाएं उपलब्ध होंगी। वहीं पेशेंट रिलेटिव एकमोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक के निर्माण से तीमारदारों को समुचित ठहरने की सुविधा मिलेगी। इस पांच मंजिला भवन में रेडियोलॉजिकल, एक्सरे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजिकल और माइक्रोबायोलॉजिकल लैब्स की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को जांच के लिए लंबी डेट से छुटकारा मिलेगा। डॉक्टर द्वारा जांच लिखे जाने के तुरंत बाद सभी आवश्यक जांचें एक ही छत के नीचे पूरी की जा सकेंगी। इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट मरीजों को मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भी प्राप्त हो सकेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी और सटीक रिपोर्ट मिलने से मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर घर जा सकेंगे। इसके साथ ही डिजास्टर मैनेजमेंट, सेंट्रल कमांड एरिया और मरीजों के तीमारदारों के ठहराव के लिए लगभग 450 बिस्तरों की क्षमता वाला एकमोडेशन ब्लॉक भी विकसित किया जाएगा। पांच मंजिला ब्लॉक 48 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू को नये प्रशासनिक भवन की भी सौगात दी। नया प्रशासनिक भवन दो मंजिला का होगा, जो 48 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा।





## प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेशवासियों को प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा दिया। यह प्रदेश का पहला सेंटर है, जहां एक छत के नीचे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को आर्थोपेडिक से संबंधित रोग का इलाज मिल सकेगा। इस सात मंजिला बिल्डिंग में मरीजों को ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**86 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर**

केजीएमयू वीसी प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) अब प्रदेशवासियों की हड्डी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि सेंटर का 86 करोड़ रुपये की लागत से विस्तार किया गया है। इस सेंटर में कुल 340 बेड की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 8 अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी शामिल हैं। सेंटर को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है, जहां ऑर्थोप्लास्टी, स्पाइन सर्जरी, स्पोर्ट्स मेडिसिन, पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी जैसी समस्त चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर सुलभ होंगी।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कंकड़बाग में आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल का अनावरण कर शिलान्यास किया। जन-निजी भागीदारी के तहत बननेवाले इस अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए।

## दिल्ली मेट्रो 15 जुलाई से शुरू करेगी 11वां ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) 15 जुलाई से 14 अगस्त तक 11वां ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण 2025 आयोजित करेगा। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य मेट्रो यात्रियों से सेवाओं और सुविधाओं को लेकर विस्तृत फीडबैक प्राप्त करना है। ताकि उनकी राय के आधार पर मेट्रो सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। यह सर्वेक्षण डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## मध्य प्रदेश बनेगा एविएशन और लॉजिस्टिक हबः मोहन



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश को भारत का एक प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास में नई उड़ान भरेगा। यह बातें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी दुबई यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के साथ हुई बैठक में कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभावना है।

बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। एविएशन ट्रेनिंग और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) इन्फ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश में इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और एमिरेट्स एविएशन अकादमी के कैंपस की स्थापना की संभावना पर भी गंभीर चर्चा की हुई। बई यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री ने ग्रिव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ एवं निदेशक विनय ठडानी और प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। बैठक में नर्मदापुरम जिले में प्रस्तावित 3.0 गीगावॉट क्षमता की सोलर सेल परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली अनुकूल औद्योगिक सहायता पर विस्तार से चर्चा हुई। यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश की भागीदारी को सशक्त करेगी, बल्कि इससे 700 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावनाएं भी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हरित ऊर्जा परियोजनाओं को आवश्यक प्रोत्साहन देने और उद्योगों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**नई उड़ान**

**भारत का एक प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है**

## पंचायत चुनाव में प्रचार पर दो लाख खर्च कर सकेंगे प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंपावत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखते हुए प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय से संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं की समुचित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड चंपावत में नामित प्रत्याशियों के लिए सोमवार को एक दिवसीय अनिवार्य व्यय प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम गोरल चौड़ मैदान के समीप स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यय की वैधानिक व अवैधानिक श्रेणियों, लेखा संधारण, व्यय सीमा, रसीदों की संलग्नता, और चुनाव उपरांत लेखा प्रस्तुतिकरण की अनिवार्यता पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रत्याशियों को बताया गया कि ग्राम पंचायत सदस्य के लिए अधिकतम 10 हजार ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य हेतु 75 हजार तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए 2 लाख की व्यय सीमा निर्धारित है।

उन्हें प्रतिदिन का व्यय रजिस्टर संचालित करने और हस्ताक्षर प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यूएई के विदेश व्यापार राज्यमंत्री डॉ. जेयूदी से हुई चर्चा**

## समग्र आर्थिक साझेदारी समझौता से बढ़ेगा भारत-यूएई व्यापार

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है और मध्य प्रदेश इस साझेदारी का पूर्ण लाभ उठाकर निवेश, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग के नए द्वार खोलने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उन्नत बुनियादी ढांचे और बेहतर उद्योग नीति समर्थन ने इसे लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मा, टेक्सटाइल, रक्षा विनिर्माण और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में यूएई के निवेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का अग्रणी सोयाबीन, दाल और जैविक उत्पादक राज्य है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और कृषि-तकनीक में यूएई के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई, जिससे भारत और खाड़ी देशों के बीच कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. जेयूदी को सौर ऊर्जा, स्मार्ट ऑटोमेशन, एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में यूएई की विशेषज्ञता को आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश में तेजी से विकसित हो रही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं यूएई के निवेशकों के लिए निवेश का आकर्षक अवसर हैं। उन्होंने बताया कि धार में पीएम मित्रा पार्क (वस्त्र), तामोट और बिलौआ में प्लास्टिक पार्क, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, पीथमपुर में ऑटो, भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स, और देवास में फार्मा क्लस्टर यूएई के निवेशकों के लिए तैयार हैं, जहां अधोसंरचना के साथ मध्य प्रदेश सरकार की उद्योग मित्र पॉलिसी उनका स्वागत करने के लिये तैयार है।



**निवेश**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई सीईपीए एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है**

# कैबिनेटः ग्लोबल मेडिकल टूरिज्म हब बनेगा राजस्थान

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में नियोजित नगरीय विकास को प्रोत्साहन देने, मेडिकल ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने, अक्षय ऊर्जा सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास, कर्मचारी कल्याण एवं विभिन्न संवर्गों के कार्मिकों के लिए पदोन्नति के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप राजस्थान को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के साथ प्रमुख मेडिकल टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से मंत्रिमण्डल की बैठक में मेडिकल वैल्यू ट्रेवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यह नीति राजस्थान को सुलभ, किफायती लागत और भरोसेमंद मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (एम.वी.टी.) डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करेगी। यह नीति स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्रों को एकीकृत करके आर्थिक विकास, रोजगार सृजन, और वैश्विक ब्रांडिंग को बढ़ावा देगी। इस नीति के तहत निवेशकों को राजस्थान निवेश संवर्धन योजना (रिप्स), राजस्थान औद्योगिक विकास नीति और पर्यटन नीति के तहत प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जायेंगे तथा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप और वायबिलिटी गैप फंडिंग का भी उपयोग किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि हील इन राजस्थान नीति-2025 से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के साथ एमवीटी से जुड़े डिजिटल इकोसिस्टम का विकास सुनिश्चित होगा। मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो सकेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, यूनानी, और सिद्ध को भी बढ़ावा दिया जायेगा।

**टाउनशिप पॉलिसी-2024 का अनुमोदन**

संसदीय कार्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नियोजित विकास को बढ़ावा देने के लिए नवीन टाउनशिप पॉलिसी-2024 लाई जाएगी। इस नीति के क्रियान्वयन, निगरानी एवं समीक्षा हेतु राज्य स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जिससे शहरी योजनाओं के विकास में आने वाली समस्याओं का त्वरित निदान हो सकेगा। गोदारा ने बताया कि गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बढावा देने के लिए राजस्थान सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नीति, 2025 का अनुमोदन भी आज मंत्रिमंडल द्वारा किया गया।



**महत्वपूर्ण**

**3 नई नीतियों को मंजूरी, सुनियोजित और आर्थिक विकास को मिलेगी गति, बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय**



सावन माह की पहली सोमवारी को अहले सुबह चार बजे सें ही शिवभक्तों ने शिव मंदिर में जलार्पण प्रारंभ किया। सभी शिवालय दिन भर ॐ नमः शिवाय, बोलबम एवं हर हर महादेव के नारों सें गुंजायमान रहा।

# हिमाचल : भूस्खलन से चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे समेत 208 सड़कें बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भी मौसम बिगड़ा हुआ है और रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक सोमवार सुबह तक प्रदेश में एक नेशनल हाईवे और 208 सड़कें भूस्खलन की वजह से बंद पड़ी हैं। 139 बिजली ट्रांसफार्मर और 745 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं। मंडी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां एक नेशनल हाइवे व 157 सड़कें बंद हैं। वहीं47 बिजली ट्रांसफार्मर और 133 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। कांगड़ा जिला में 612 पेयजल स्कीमें बंद पड़ी हैं। मंडी जिला में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे चार मील के पास आज सुबह फिर से मलबा गिरने से बंद हो गया है। इसी स्थान पर पहले भी लैंडस्लाइड हुआ था, जिसके बाद 28 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे को बहाल किया गया था। लेकिन बीती रात फिर से पत्थर गिरने और मलबा आने के चलते सड़क पर यातायात ठप हो गया है। लगातार मलबा गिरने से सड़क खोलने में भी भारी दिक्कतें आ रही हैं। कांगड़ा जिला में 612 पेयजल स्कीमें बंद हैं। मौसम विभाग के अनुसार सिरमौर के राजगढ़ में सर्वाधिक 72 मिमी, खदराला में 42 मिमी, पच्छाद में 36 मिमी और मंडी शहर में 26 मिमी बारिश दर्ज हुई है। बारिश से गिरी जटोंन डैम का जलस्तर बढ़ने पर मैदानी इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, वहीं गिरि और यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है।



## देवप्रयाग में भूस्खलन से हड़कंपः मकान-वाहन क्षतिग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**देवप्रयाग।** देवप्रयाग नगर के नृसिंहाचल पर्वत की तलहटी में बसे बाह बाजार में सोमवार दोपहर में भूस्खलन से हड़कंप मच गया। पहाड़ी से बड़े बोल्डर गिरने से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ है। गनीमत रही कि हादसे के समय अधिकांश लोग घरों से बाहर थे। जिससे बड़ा नुकसान टल गया। सोमवार दोपहर में नृसिंहाचल पर्वत का एक हिस्सा अचानक दरक गया। जिसमें बड़े बोल्डर तेजी से नीचे लुढ़कते हुए बाह बाजार में आ गिरे। इन बोल्डरों की चपेट में विपिन चंद्र मिश्रा, भगवती प्रसाद मिश्रा और पनीलाल के मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

**ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के जवाब में जल स्रोत मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी**

## पंजाबः बाढ़ के हालात नहीं, संभावित स्थिति से निपटने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब के जल स्रोत मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने सोमवार को विधानसभा में जानकारी दी कि पंजाब में जल भंडारों का स्तर स्थिर है और राज्य में वर्तमान समय में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए पुख़्ता प्रबंध किए गए हैं। विधायक राणा इंदर प्रताप सिंह के ध्यान आकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए जल स्रोत मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि 10 जुलाई, 2025 तक प्रमुख जल भंडारों में पानी का स्तर सुरक्षित सीमाओं के भीतर रहा। उन्होंने बताया कि भाखड़ा डैम में वर्तमान स्तर 1590.48 फीट है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 1614.89 फीट था। इसी तरह पोंग डैम में वर्तमान स्तर 1325.48 फीट है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 1350.63 फीट था। उन्होंने बताया कि रंजीत सागर डैम में वर्तमान स्तर 505.41 मीटर है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 520.2 मीटर था। जल स्रोत मंत्री ने बताया कि तीनों जल भंडार सुरक्षित ढंग से काम कर रहे हैं और खतरे के स्तर से काफी नीचे हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ की तैयारी के लिए जल स्रोत विभाग ने किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक उपाय सक्रिय रूप से लागू किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने बाढ़ की रोकथाम के लिए 204.5 करोड़ रुपये के फंड अलॉट किए हैं। एस.डी.एम.एफ, मनरेगा और विभागीय फंडों के उपयोग से 599 प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।



**तैयारी**

**पंजाब में जल भंडारों का स्तर स्थिर है और राज्य में वर्तमान समय में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है**

# दिल्ली को मेडिकल हब बनाएंगे : रेखा गुप्ता

## दिल्ली सरकार सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ही नहीं कर रही, बल्कि उसे सुलभ, पारदर्शी बना रही हैः रेखा

**हेल्थ सेक्टर**

**दिल्ली सरकार सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रही है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को मेडिकल हब बनाना सरकार का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रही है, जहां विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए विशेष इलाज की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी सोमवार को उत्तरी दिल्ली स्थित मॉडल टाउन क्षेत्र में नवनिर्मित यथार्थ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ही नहीं कर रही, बल्कि उसे सुलभ, पारदर्शी और जन-संवेदनशील भी बना रही है। सरकार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर राजधानी को एक मॉडल हेल्थकेयर सिस्टम की ओर ले जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि दिल्लीवासियों को तो बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, साथ ही देश की राजधानी को हम ऐसे मेडिकल हब में बदले, जहां देश-विदेश से लोग इलाज कराने आएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी आवश्यकता को देखते हुए दिल्ली सरकार सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रही है, जहां विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए विशेष इलाज की सुविधा होगी। हर अस्पताल को अलग बीमारी के इलाज के लिए समर्पित किया जाएगा, जैसे कैंसर, ट्रांसप्लांट या डिलीवरी के जटिल मामले। इसके साथ ही आईसीयू बेड्स की कमी को भी दूर किया मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार व विजन की कमी की वजह से दिल्ली का स्वास्थ्य ढांचा अभी भी अनेक गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने कोविड काल को याद करते हुए बताया कि उस समय अस्पतालों में बिस्तरों की भारी कमी थी और कई लोगों को इलाज न मिलने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी।

### कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक : मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का वह पावन संगम है, जो दिल्ली की सड़कों को तीर्थ बना देती है। यह परंपरा हमारे जीवंत सांस्कृतिक संस्कारों की प्रतीक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि इस यात्रा को सहज, सुलभ, सम्मानजनक और भव्य बनाने का अवसर दिल्ली सरकार को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने सावन के पहले सोमवार पर सभी शिवभक्तों को मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की कृपा से हर घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कांवड़ शिविरों की व्यवस्था परखने के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस बार दिल्ली के लोगों में कांवड़ियों के स्वागत का विशेष सेवा भाव है, इसीलिए इस बार शिविर लगाने के लिए 374 आवेदन मिले हैं। इस बार दिल्ली सरकार ने व्यवस्था को पारदर्शी बनाया और एक सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्रक्रिया को सरल और तेज कर दिया।

# एमसीडी दिल्ली में 7 लाख से अधिक पौधे लगाएगी

**लक्ष्य निर्धारित**

**ग्रीन एक्शन प्लान के तहत वर्ष भर में कुल 7,03,298 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सोमवार को ग्रीन एक्शन प्लान के तहत पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और हरित राजधानी के संकल्प के साथ इस साल दिल्ली में 7 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने एक बयान में बताया कि ग्रीन एक्शन प्लान के तहत वर्ष भर में कुल 7,03,298 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 3 लाख पेड़, 4 लाख झाड़ियां और 3,298 बांस के पौधे शामिल हैं। इस अभियान को मानसून सीजन में गति दी गई है।

उन्होंने बताया की अब तक दिल्ली के विभिन्न 12 जोनों में 66,242 पौधे रोपे जा चुके हैं। जिनमें 21,493 पेड़, 41,918 झाड़ियां और 2,831 बांस के पौधे हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि नगर निगम के उद्यान विभाग ने बारिश के मौसम में अभियान को युद्ध स्तर पर शुरू किया है। यह अभियान दिल्ली की हवा को साफ करने, तापमान में कमी लाने और जैव विविधता को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शर्मा ने बताया की ग्रीन एक्शन प्लान को लेकर उद्यान विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी की गई है। बैठक में इस वर्ष निर्धारित पौधारोपण लक्ष्य की पूर्ति, उपयुक्त स्थलों का चयन, पौधों की देखरेख और उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए की इन पौधों को चरणबद्ध और सुनियोजित तरीके से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जाएगा। सत्या शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्लीवासियों से अपील है कि वे अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। यह पर्यावरण सेवा के साथ-साथ मातृ भक्ति का प्रतीक बन सकता है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर दिल्ली को हरा और स्वच्छ बनाना है। सभी दिल्लीवासी इस हरित आंदोलन का हिस्सा बनें। यह सिर्फ पौधा लगाने का काम नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुंदर दिल्ली की नींव रखने जैसा है।

# आयकर विभाग ने फर्जी आयकर रिफंड पर कसा शिकंजा

**छापा मारा**

**1961 के तहत पेशेवर बिचौलियों की मिलीभगत से कर लाभों के दुरुपयोग के विस्तृत विश्लेषण के बाद की गई है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को देशभर में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की है, जिसमें आयकर रिटर्न (आईटीआर) में कटौतियों और कर छूटों के फर्जी दावे करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को निशाना बनाया गया। यह कार्रवाई आयकर अधिनियम, 1961 के तहत पेशेवर बिचौलियों की मिलीभगत से कर लाभों के दुरुपयोग के विस्तृत विश्लेषण के बाद की गई है।
वित्त मंत्रालय के मुताबिक आयकर विभाग की जांच से इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) तैयार करने वालों और बिचौलियों के संगठित रैकेट का पर्दाफाश हुआ है, जो फर्जी कटौतियों और छूटों का दावा करते हुए रिटर्न दाखिल कर रहे थे। मंत्रालय के मुताबिक इन धोखाधड़ीपूर्ण दाखिलों में लाभकारी प्रावधानों का दुरुपयोग शामिल है, यहां तक कि कुछ लोग अत्यधिक रिफंड का दावा करने के लिए झूठे टीडीएस रिटर्न भी दाखिल करते हैं।
मंत्रालय के मुताबिक संदिग्ध पैटर्न की पहचान करने के लिए आयकर विभाग ने तृतीय-पक्ष स्रोतों, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी और उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों का उपयोग किया है। आयकर विभाग के महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश में हाल ही में की गई तलाशी और जब्ती की कार्रवाइयों से विभिन्न समूहों और संस्थाओं की धोखाधड़ी के सबूत पाए गए। पिछले एक साल में आयकर विभाग ने एसएमएस और ई-मेल परामर्श सहित व्यापक संपर्क अभियान चलाए हैं, जिससे संदिग्ध करदाताओं को अपने रिटर्न संशोधित करने और सही कर भुगतान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। मंत्रालय के मुताबिक पिछले चार महीनों में लगभग 40 हजार करदाताओं ने अपने रिटर्न अपडेट किए हैं और स्वेच्छा से 1,045 करोड़ रुपये के झूठे दावे वापस लिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि आयकर विभाग अब लगातार जारी धोखाधड़ी के दावों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए तैयार है।



सरकार के लिए पीएसी और सीएजी अलार्म का काम करती है : विजेंद्र गुप्ता

# नकली नोटों से 40 लाख की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला की स्पेशल स्टाफ ने एक बड़े ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया किया है। आरोपित लोगों को नकदी के बदले बैंक में जमा पैसे एक्सचेंज करने का झांसा देकर लाखों की ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निखिल, प्रिंसपाल, परवेज और असगर खान उर्फ अख्तर खान उर्फ बंटी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 1.25 करोड़ रुपये की डमी करेंसी (जिन पर मनोरंजन बैंग लिखा था। एक कैश काउंटिंग मशीन, 7.5 लाख नकद, 4.50 लाख बैंक में फ्रीज राशि और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। दक्षिणी जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार छह जुलाई को एक व्यक्ति ने सीआर पार्क में शिकायत दी कि वह एक प्रॉपर्टी खरीदना चाहता था और इसके लिए अपने परिचितों से पैसे जुटाए थे। चार जुलाई को उसकी मुलाकात कुछ लोगों से हुई जिन्होंने खुद को बैंक में जमा धनराशि को नकद में बदलने वाले बताए। एक फ्लैट में उसे बुलाकर नकदी दिखाकर विश्वास में लिया और उससे 40 लाख रुपये अपने खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। बदले में उसे एक बैग में नकदी दी गई जो कैश काउंटिंग मशीन में गिनी भी गई थी। लेकिन जब उसने बैग खोला तो उसमें केवल "मनोरंजन बैंक" के नकली नोट थे।

# छात्र आत्महत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्यों की पुलिस से मांगी जांच रिपोर्ट

**रिपोर्ट तलब**

**बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को करने का आदेश दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन राज्यों से छात्रों की खुदकुशी की जांच से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली, आईआईटी खड़गपुर और कोटा में नीट अभ्यर्थी की खुदकुशी के मामले की जांच की स्टेटस रिपोर्ट दिल्ली सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और राजस्थान सरकार से तलब की है।
सोमवार को एमिकस क्यूरी अपर्णा भट्ट ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सहायता लेने का सुझाव दिया, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पक्षकार बनाने का आदेश दिया।
इसके पहले 6 मई को कोर्ट ने आईआईटी खड़गपुर और कोटा में एक कोचिंग सेंटर में छात्रों की खुदकुशी की दो हालिया घटनाओं पर स्टेटस रिपोर्ट तलब की थी। 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस रविंद्र भट्ट की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स के गठन का आदेश दिया था।

# दिल्ली में 'प्रतिरूप' प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**जीवंतता**


**धार्मिक अनुष्ठानों, आत्मिक विश्वासों, लोकनाट्य परंपराओं और पारंपरिक रंगमंच की जीवंतता का प्रतीक हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** एशिया की सांस्कृतिक विविधता और आध्यात्मिक एकता का अद्वितीय चित्रण करती प्रतिरूप : एशिया की सांस्कृतिक समन्विति में मुखौटे नामक विशेष प्रदर्शनी इन दिनों राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, दिल्ली में दर्शकों को आकर्षित कर रही है। यह प्रदर्शनी 23 जुलाई तक चलेगी और इसमें भारत, कोरिया, वियतनाम, श्रीलंका, तिब्बत, थाईलैंड, चीन और म्यांमार से लाए गए पारंपरिक मुखौटों को प्रदर्शितगया है। विगत शनिवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन यूनेस्को की संस्कृति प्रमुख जुन्ही हान और भारत सरकार के राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रो. केके बासा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर यूनेस्को दिल्ली के निदेशक टिम कर्टिस, ओडी कला केंद्र, ओडिशा के संस्थापक पीके दाश, विख्यात कलाकार जतिन दास, संगीत नाटक अकादमी की पूर्व सचिव हेलेन आचार्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का आयोजन राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, पूवार्शा फोक एंड ट्राइबल आर्ट म्यूज़ियम, और ओड़ी आर्ट सेंटर, ओडिशा के संयुक्त प्रयास से किया गया है। प्रदर्शनी का संयोजन राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय की उपनिदेशक निधि कामरा और ओडी कला केंद्र की अंतरराष्ट्रीय क्यूरेटर एवं एशियाई लोक एवं परंपरा संस्कृति अनुसंधान संस्थान (सीआरआईएएफटी) की निदेशक पार्क येओन ओक के निर्देशन में किया गया है। प्रदर्शित मुखौटे केवल सौंदर्यशास्त्र का प्रतिनिधित्व नहीं करते, बल्कि वे धार्मिक अनुष्ठानों, आत्मिक विश्वासों, लोकनाट्य परंपराओं और पारंपरिक रंगमंच की जीवंतता का प्रतीक हैं।

# 'उदयपुर फाइल्स' पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**सुनवाई की मांग**

**ये फिल्म पूरी तरह से आपत्तिजनक है और इसमें एक समुदाय विशेष को टारगेट किया गया है : याचिकाकर्ता**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उदयपुर फाइल्स फिल्म की रिलीज पर रोक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। सोमवार को वकील गौरव भाटिया ने जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के मामले की जल्द सुनवाई की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर जल्द सुनवाई का भरोसा दिया। दिल्ली हाई कोर्ट ने 10 जुलाई को फिल्म उदयपुर फाइल्स को रिलीज करने पर अंतरिम रोक लगा दी थी। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया था कि वो फिल्म को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष 14 जुलाई तक अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की आपत्ति मिलने के बाद उस पर एक हफ्ते में फैसला करें। हाई कोर्ट ने कहा था कि केंद्र सरकार के फैसला आने तक फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक जारी रहेगी। हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के दौरान सेंसर बोर्ड ने कहा था कि उसने फिल्म उदयपुर फाइल्सह्न के आपत्तिजनक हिस्से को हटा दिया है। सेंसर बोर्ड की इस सूचना के बाद हाई कोर्ट ने फिल्म और उसके ट्रेलर की याचिकाकर्ता और सेंसर बोर्ड के वकीलों के लिए स्पेशल स्क्रीनिंग करने का आदेश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ये फिल्म पूरी तरह से आपत्तिजनक है और इसमें एक समुदाय विशेष को टारगेट किया गया है। हाई कोर्ट में याचिका जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने दायर की थी।

# मामूली कहासुनी में मिस्त्री ने पेट्रोल फेंका, पीड़ित घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आरके पुरम थाना क्षेत्र में रविवार रात एक बाइक मिस्त्री ने मामूली विवाद के चलते एक व्यक्ति पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पीड़ित व्यक्ति को झुलसी हुई अवस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायल की पहचान वसंत गांव निवासी राहुल चौहान (40) के रूप में हुई है। राहुल पेशे से नगर निगम (एमसीडी) में सफाई कर्मचारी हैं। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार रविवार रात करीब 9:30 बजे पुलिस को पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली कि सेक्टर-8 की मार्केट में एक व्यक्ति को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पहुंची। घटनास्थल पर पाया कि एक व्यक्ति बुरी तरह झुलसा हुआ था। उसे तत्कालत इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भिजवाया गया। हादसे के वक्त वह अपने चचेरे भाई सिद्धांत राज और दो अन्य लोगों के साथ सेक्टर-8 मार्केट में एक मारुति बलेनो कार के अंदर बैठे हुए थे। कार बाजार की एक बाइक रिपेयरिंग की दुकान के पास खड़ी थी। पीड़ित के भाई सिद्धांत राज ने पुलिस को बताया कि कार जिस दुकान के पास खड़ी थी।

# दो दोस्तों ने एक दूसरे पर चाकू से किया हमला, दोनों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके में रविवार देर रात आपसी झगड़े ने दो दोस्तों की जान ले ली। पुलिस के मुताबिक दोनों युवक बी-ब्लॉक, ख्याला के रहने वाले थे।
दोनों काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे। रविवार रात करीब 11 बजे दोनों दोस्त तिलक नगर स्थित पार्क में बैठे थे। इसी दौरान किसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि हाथापाई में तब्दील हो गई।

# नेशनल हेराल्डः ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने के मामले में 29 जुलाई को फैसला

**सुनवाई**

**मामले में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि जिन लोगों ने कांग्रेस को दान दिया उनके साथ धोखाधड़ी की गयी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले में ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने संज्ञान लेने के मामले पर 29 जुलाई को फैसला सुनाने का आदेश दिया।
मामले में सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि जिन लोगों ने कांग्रेस को दान दिया उनके साथ धोखाधड़ी की गयी। जिन लोगों ने दान दिया उनमें से कुछ को टिकट दिए गए। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने इस मामले में गवाहों के बयान का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस को जिन लोगों ने दान दिया, उनके साथ धोखाधड़ी की गयी। कुछ दानदाताओं को टिकट भी दिए गए। एएसजी एसवी राजू ने गांधी परिवार की उस दलील का विरोध किया कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर उनका कोई नियंत्रण नहीं था। एजेएल ही मूल रुप से नेशनल हेराल्ड की प्रकाशक थी। इस मामले में 5 जुलाई को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आरएस चीमा ने कहा था कि कांग्रेस ने एजेएल को बेचने की कोशिश नहीं की थी, बल्कि वो इस संस्था को बचाना चाहती थी, क्योंकि वो स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा थी। चीमा ने कहा था कि ईडी एजेएल का मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन क्यों नहीं दिखा रही है। एजेएल की स्थापना जवाहर लाल नेहरु, जेबी कृपलानी, रफी अहमद किदवई और दूसरे कांग्रेस नेताओं ने 1937 में की थी। चीमा ने कहा था कि एजेएल के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में कहा गया है कि उसकी सभी नीतियां कांग्रेस की होंगी। चार जुलाई को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि ईडी ने एक आश्चर्यजनक और अप्रत्याशित मामला बनाया। ईडी ने आश्चर्यजनक से भी ज्यादा मामला बनाया है।

# सेवा समर्पण उपचार के लिए डॉ. आशीष अनेजा को मिला विराट सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : स्वास्थ्य जागरूकता को प्राथमिकता पर रख निःस्वार्थ भाव से एक सच्चे चिकित्सक का फर्ज निभाते हुए आमजन की सेवा करने वाले डॉ. आशीष अनेजा मेडिकल क्षेत्र में एक बार फिर मिसाल के रूप में उभरे हैं। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर में बतौर प्रशासक एवं सीनियर मेडिकल ऑफिसर कार्यरत डॉ. अनेजा को इस बार भारत सरकार में विज्ञान एवं तकनीकी तथा भू-विज्ञान राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने बेस्ट डॉक्टर इन कम्युनिटी सर्विस एंड डायबिटीज अवेयरनेस अवॉर्ड की उपाधि से सम्मानित किया। इंडियन मेडिकल



एसोसिएशन की विशाल सभा में हरियाणा से डॉ. आशीष अनेजा एकमात्र चिकित्सक रहे, जिन्हें अवार्ड के लिए चुना गया। गौरतलब है कि डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में उपरोक्त सम्मान समारोह रविवार को दिल्ली में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने डॉ. अनेजा को मधुमेह तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के रोगियों को शिविरों के माध्यम से दिए

**मिसाल**

आमजन की सेवा करने वाले डॉ. आशीष अनेजा मेडिकल क्षेत्र में एक बार फिर मिसाल के रूप में उभरे

निःशुल्क उपचार के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। विधायक अनिल गोयल ने भी डॉ. अनेजा को बधाई देकर आईएमए के कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। समारोह में आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिलीप भानुशाली, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. वी. अशोकन, डॉ. अनिल कुमार जे नायक, महासचिव डॉ. सरबरी दत्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. पीयूष जैन सहित बड़ी संख्या में राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। वहीं सम्मान की जानकारी मिलने पर कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सोमनाथ सचदेवा ने बड़ी खुशी जताई और लोगों की सेवा में डॉ. आशीष अनेजा की मेहनत और समर्पण को उच्चकोटि का बताते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। काबिलेज़िक्र है कि डॉ. आशीष अनेजा पिछले कई वर्षों से हेल्थ सेंटर, सेक्टर्स, कॉलोनी, कस्बों, डेरों, गांवों तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद लोगों के लिए लगभग 500 से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगा चुके हैं। शिविरों में ओपीडी के साथ मरीजों को मुफ्त में दवाईयां भी बांटी गई। खास बात ये रही कि इस दौरान स्पेशलिस्ट को बुलाकर कई तरह के महंगे टेस्ट भी बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। इनमें एचबी, शुगर, बीएमडी, ईसीजी, स्पाइरोमेट्री, न्यूरोपैथी तथा कैंसर इत्यादि महंगी दरों पर होने वाले टेस्ट शामिल हैं। इसके साथ ही डॉ. अनेजा को रिसर्च सोसाइटी ऑफ स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया से बेस्ट डॉक्टर इन डायबिटीज केयर अवॉर्ड, लीडरशीप अवार्ड, उन्नत भारत सर्वश्री हेल्थ रतन अवॉर्ड तथा आइकॉनिक पर्सनैलिटी से भी पुरस्कृत किया जा चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### एक ही रात में चार किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी

**रादौर**: जठलाना थाना क्षेत्र में एक बार फिर मोटर चोर गिरोह ने दस्तक दी है। चोरों ने यमुना नदी के उस पार स्थित नगली गांव के रकबे में एक ही रात में चार किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चुरा लीं। सुबह जब किसान खेतों में पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला। घटना की जानकारी मिलते ही किसानों ने पुलिस को शिकायत दी, जिस पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गुमथला गांव निवासी बृजेश ने बताया कि उसकी जमीन नगली गांव के रकबे में यमुना नदी के पार स्थित है। खेत में पानी देने के लिए 5 हॉर्स पावर की मोटर लगी हुई थी, जिसे चोर 11 जुलाई की रात चोरी कर ले गए। चोरों ने इसके अलावा पड़ोसी किसानों संधाला गांव निवासी सुरेश पाल, सुभाष व सुखबीर के ट्यूबवेल से भी 5-5 एचपी की मोटरें चोरी कर ली। सभी किसान सुबह खेतों में पहुंचे तो चोरी की घटना का पता चला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने जल्द खुलासे की मांग करते हुए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।

### सावन मास के प्रथम सोमवार को परिवार सहित गौमाताओं को हरा चारा डालकर सेवा की

**सोनीपत**: **जटवाड़ा** की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में पहुंचकर सर्वप्रथम बाड़े की सफाई करने के लिए पांच झाड़ू जोगेंद्र कुमार सेवक को भेंट की । उसके उपरांत दिलबाग सिंह प्राध्यापक, गीता अध्यापिका , क्षितिज आयकर निरीक्षक व अर्पित सिंह ने गौमाताओं को गयारह कट्टे हरे चारे के डालकर गौमाताओं को नमन करके सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। सावन मास में महादेव शिव शंकर जी की कृपा से संपूर्ण विश्व में सुख शांति बनी रहे। दिलबाग सिंह ने सभी को संदेश दिया कि विशेष दिन की बजाय सामान्य दिनों में भी गौमाताओं की सेवा करनी चाहिए। गीता अध्यापिका ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि खाना बनाते समय प्रथम रोटी गाएं की व अंतिम रोटी कुत्ते की निकालनी चाहिए। जिस घर में इस प्रकार का कार्य होता है वह घर हमेशा आबाद रहता है।

# 65 देशों में एक साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**इस** दौरान अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी व हरियाणवी सुपर स्टार बिन्दर दनौदा एक साथ पानीपत आवास पर साथियों के साथ चूरमा बनाकर बताया कि दूसरा अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस इस वर्ष 65 देशों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर भारत के अनेक प्रमुख नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं और भारतीय पारंपरिक व्यंजनों की वैश्विक पहचान पर खुशी जताई। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ,इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला,कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद दीपेंद्र हुड्डा ,राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी प्रमुख हनुमान बेनीवाल ,भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ,दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सागरप्रीत हूडा, सीआरपीएफ के डीआईजी कोमल सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष प्रतिनिधि वीरेंद्र बडखालसा, और चर्चित जननेता गजेन्द्र फोगाट ने इस आयोजन पर बधाई संदेश दिए। इस दौरान हरियाणा के लोकप्रिय गायक बिंदर दनोदा व डॉ नवीन नैन भालसी ने एक साथ पानीपत आवास पर चूरमा बनाकर सभी साथियों के साथ मिलकर अन्तरराष्ट्रीय चूरमा दिवस बनाया।इसके अतिरिक्त हरियाणवी सुपरस्टार केडी द रॉकस्टार एवं खासा आला चाहर ने।

**संस्कृति**

पानीपत आवास पर चूरमा बनाकर सभी साथियों के साथ मिलकर अन्तरराष्ट्रीय चूरमा दिवस बनाया

# आम जनता के लिए मददगार साबित होता जनता समाधान शिविर: उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश के आम व्यक्ति की चिंता करते हैं। उनकी सोच का दायरा बड़ा है। हर विकास कार्य में उनकी सकारात्मक सोच दिखाई पड़ती है। प्रदेश के हर वर्ग के उत्थान को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं संज्ञान लेते हैं व उन पर अधिकारियों को अमल करने के लिए प्रेरित करते हैं। जनता समाधान शिविर भी मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच है जिसका लाभ प्रदेश के कौने - कौने में लागों को मिल रहा है। सोमवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को जन समस्याओं के समाधान के बड़े स्तर पर प्रयास करने



होंगे। उनकी समाधान शिविर के बढ़ती रूचि ही जन समस्याओं के समाधान में मददगार साबित होगी। अधिकारियों पर किसी भी तरह का कोई दबाव नहीं है। उन्हें अपने अनुभव का फायदा नागरिकों को पहुंचाना होगा। लोग प्रसन्नचित होकर जनता समाधान शिविर से अपनी समस्याओं का निदान करवाकर घर जाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को अपनी प्रतिभा का उपयोग जन समस्याओं के समाधान के लिए करना होगा। समाधान शिविर जरूरतमंदों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहा है। समाधान शिविर में आने वाली ज्यादातर समस्याओं का ताल्लुक उन जरूरतमंद नागरिकों से है जो अपनी समस्याओं को लेकर समाधान करवाने के लिए बैचेन थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविर में आनी वालों समस्याओं का समाधान तत्काल करें ताकि समाधान शिविर की गरिमा बरकार रहें।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने समाधान शिविर में पुलिस विभाग से संबंधित आई समस्याओं का समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं को पहले समझे, उनकी गंभीरता में जाएं व जल्द से जल्द उसका समाधान करें। आम जन की समस्याओं की समाधान करवाना हमारा दायित्व बनता है।

**सकारात्मक**

हर वर्ग के उत्थान को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं संज्ञान लेते हैं, अधिकारियों को अमल करने के लिए प्रेरित करते हैं

### टोहाना में किसानों ने किया प्रदर्शन, पुतले फूंके

**फतेहाबाद।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की राज्य कमेटी के आह्वान पर डीएपी खाद की कमी व अन्य समस्याओं को लेकर किसानों ने सोमवार को टोहाना में सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व किसान संघर्ष समिति टोहाना ब्लाक प्रधान मनजीत सिंह ने किया वहीं विशेष तौर पर किसान नेता मनजीत पूर्णमाजरा मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर: सतीश दत्ताना

**साधा निशाना**

सतीश दत्ताना ने यमुना नदी पार बसे हरियाणा के गांव पोबारी का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 14 जुलाई (कुलदीप सैनी)** : वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश दत्ताना ने यमुना नदी पार बसे हरियाणा के गांव पोबारी का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर ग्रामीणों ने दत्ताना के समक्ष यमुना नदी पार जाने वाले रास्ते की समस्या को प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने



बताया कि यह रास्ता प्रशासन द्वारा खुदवाया जा चुका है, जिससे उनका आना-जाना मुश्किल हो गया है। दैनिक कार्यों व आपात स्थितियों में भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सतीश दत्ताना ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इस गंभीर समस्या को लेकर जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर समाधान की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है। दत्ताना ने आरोप लगाया कि यमुना नदी में अवैध खनन खुलेआम चल रहा है, जिसका सीधा असर आसपास के गांवों पर पड़ रहा है।

रास्ते चलने लायक नहीं बचे हैं और रेत-बजरी से भरे ओवरलोड वाहन बेरोक-टोक सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ललित, पुत्रः पप्पू सिंह, पताः 30/9, रघुवर पुरी नं. 2, गली नं. 4, गांधी नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 524/2020, U/s 232/341 IPC, पुलिस थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ललित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त **ललित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 524/2020, U/s 232/341 IPC, पुलिस थाना शकरपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **ललित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06**
**पूर्वी जिला, कमरा नं. 30**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7421/ED/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी संतोष उर्फ मोटा पुत्र** श्री. राम, **पताः** मकान नं. डी-69, लाल बाग, आजादपुर, दिल्ली **FIR No. 960/2022, U/S: 380/457/411 IPC, पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष उर्फ मोटा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संतोष उर्फ मोटा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संतोष उर्फ मोटा, FIR No. 960/2022, U/S: 380/457/411 IPC, पुलिस थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**हिमांशु सहलोथ**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03**
**उत्तर, कोर्ट नंबर 213**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/9155/NW/2025**
**(Court Matter)**


# मनोहर लाल आज करेंगे एडीईटीआईई (अदिति) की लॉन्चिंग

**दिशा-निर्देश**

यह एमएसएमई को ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में मदद करने के लिए शुरू की जा रही है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**(कमाल हुसैन )**

**स्थानीय** आर्य पीजी कॉलेज सभागार में मंगलवार को प्रातः 10 बजे केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ऊर्जा मंत्रालय की योजना एडीईटीआईई ( अदिति ) मंगलवार को लॉन्च करेंगे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, अतिरिक्त सचिव आकाश त्रिपाठी, एसीएस ऊर्जा विभाग ए. के. सिंह और ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज अग्रवाल उपस्थित



रहेंगे। इसी को लेकर अक्षय ऊर्जा विभाग की निदेशक डॉक्टर प्रियंका सोनी ने एडीसी डॉक्टर पंकज यादव के साथ स्थानीय आर्य कॉलेज परिसर का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित रहे कि यह एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में मदद करने के लिए शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत, एमएसएमई को करोड़ों रुपये तक के ऋणों पर ब्याज अनुदान दिया जाता है।

एडीसी डॉ पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि एमएसएमई को ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मै जोकि रामकुमार पुत्र गोपीराम निवासी गाँव महमूदपुर तहसील गोहाना जिला सोनीपत का निवासी हूं मैं हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका परमजीत व उसकी पत्नी रेनू व दूसरा लड़का मंजीत व उसकी पत्नी अन्नू मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों से काफी समय पहले से कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है । मैं अपने उपरोक्त सभी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उपरोक्त से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# असंध क्षेत्र को बस स्टैंड सब डिपो की सौगात देने पर विधायक ने जताया आभार

**रवाना**

**बस स्टैंड उपकेंद्र असंध का विधिवत संचालन कर बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने सोमवार को हरियाणा रोडवेज के असंध बस स्टैंड का विधिवत रूप से संचालन आरम्भ किया। इस दौरान उन्होंने असंध से करनाल और जींद के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक योगेन्द्र राणा का असंध उपकेंद्र बस स्टैंड परिसर में पहुंचने पर रोडवेज महाप्रबंधक करनाल कुलदीप सिंह एवं अन्य रोडवेज अधिकारियों द्वारा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि असंध उपकेंद्र बस स्टैंड का विधिवत रूप से संचालन होने से असंध की अन्य जगहों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जो यहां के क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत लाभदायक है । अब असंध से अन्य जगह जाने के लिए बस सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इस दौरान उन्होंने करनाल सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी का असंध को यह सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक ने बताया कि उपकेंद्र असंध में इस समय 25 बस अलॉट की गई है, जो प्रतिदिन 26 मार्गों पर संचालन करेगी। इनमें असंध से दिल्ली, अमृतसर, यमुनानगर, हरिद्वार, शामली, गोहाना एवं असंध उपमंडल के लोकल मार्गों पर बेहतर सेवा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आमजन की मांग और आवश्यकता के अनुसार बस सेवाओं को बढ़ाया भी जाएगा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विधायक ने हरियाणा रोडवेज के करनाल महाप्रबंधक को कहा कि सावन माह में भक्तों की विशेष आस्था को देखते हुए असंध से हरिद्वार बस सेवा आरम्भ की जाए, जिससे अधिक संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार जा सके। उन्होंने विधायक ने कहा कि असंध की जनता मेरा परिवार है। यहां की हर समस्या से भलीभांति परिचित हूं जिनका भाजपा सरकार तेज रफ्तार से समाधान करेगी और असंध के विकास में कोई कमी नहीं रहने देगी। इस अवसर पर रोडवेज के करनाल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, टीएम रोडवेज रोहतास जांगड़ा, असंध उपकेंद्र के एसएस सुरेश राठौर, नगरपालिका चेयरपर्सन सुनीता, वाइस चेयरमैन राजिंदर ढींगरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय, असंध मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, रामावतार जिंदल, अमरजीत छाबड़ा,अमित राणा, डॉ. बूटीराम, बृजलाल टक्कर, नरेंद्र नरवाल विनय राणा, कलीराम बिंदल, सहित अन्य मौजूद रहे। विधायक योगेंद्र राणा ने असंध बस स्टैंड परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर आमजन को स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने व ऑक्सीजन की पूर्ति करने के लिए पेड़ अहम हैं। इसलिए पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हर व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाने चाहिए । पर्यावरण शुद्ध रखने से हम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों, महिलाओं व आम नागरिकों को इस कार्य के लिये आगे आना चाहिए और वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

# क्लर्क को सस्पेंड करने के विरोध में बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

**जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव और मंच का संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी:** सब डिवीजन नंबर 2 में सब यूनिट नंबर 2 संबंधित एच एस ई बी वर्कर यूनियन के आह्वान पर दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव और मंच का संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने किया। इस रोष प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा रविवार के दिन गुरविंदर एलडीसी को महकमे के उच्च अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से सस्पेंड करना रहा। अपने अध्यक्षीय भाषण में बलवंत यादव ने बताया जिस केस में गुरविंदर क्लर्क को सस्पेंड किया गया है उसमें कर्मचारी की कोई गलती नहीं है। एक पीडीसीओ केस की एप्लीकेशन ऑनलाइन ऑफिस में आई थी और महकमे के सेल्स सर्कुलर के मुताबिक संबंधित कर्मचारी द्वारा सभी कागजों की जांच की गई जिसमें प्रॉपर्टी आई डी, मौके की पोजेशन, न्यायालय द्वारा जगह की पोजेशन, एफिडेविट सब कुछ निगम के नियमानुसार लगा हुआ था। इन कागजों के आधार पर मीटर उतारने संबंधित ऑर्डर इश्यू हुए और सब डिवीजन अधिकारी द्वारा सभी कागजों की जांच के बाद उस पर साइन हुए है उसके बाद ही मीटर मौके से उतारा गया था। बिना एसडीओ के साइन के कोई मीटर ना तो लगाया जाता है और ना ही उतारा जाता है।

जब जगह संबंधित कोई विवाद इस प्रकरण में सामने आया तो निगम अधिकारियों ने बिना जांच के क्लर्क को निलंबित किया गया जबकि नियमों के अनुसार इस प्रकरण में एस डी ओ नंबर 2 को भी निलंबित किया जाना चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन में आज यूनिट अंबाला कैंट प्रधान सतबीर देसवाल और यूनिट सचिव सोनू यादव ने भी भाग लिया और कर्मचारियों की जायज मांग का समर्थन किया।

# मेयर शैलजा सचदेवा को बधाई देने पहुंची विधायक शक्तिरानी शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** कालका विधायक शक्तिरानी शर्मा अंबाला नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा को बधाई देने अंबाला उनके निवास पर पहुंची। इस दौरान विधायक का स्वागत करने के लिए वहां मेयर शैलजा, उनके पति संदीप सचदेवा सहित भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे। संदीप सचदेवा व मेयर ने विधायक शक्तिरानी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं शक्तिरानी ने माता की चुन्नरी ओढ़ाकर मेयर को बधाई दी व संदीप सचदेवा ने विधाायक शक्तिरानी को शॉल ओढ़ाई। उन्होंने मेयर का मुंह भी मीठा करवाया और नए कार्यालय की बधाई दी व इसी तरह जनता की सेवा करने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

गौरतलब है कि हाल ही में मेयर शैलजा का कार्यालय बनकर तैयार हुआ था। जिसके बाद उन्हें बधाई देने के लिए अनेक नेता भी पहुंच रहे हैं।

कार्यालय के उद्घाटन में शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने शैलजा सचदेवा को शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया था। वहीं कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने भी उनके निवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी थी। इसी कड़ी में आज अंबाला की पूर्व मेयर व कालका विधायक शक्तिरानी शर्मा ने यहां पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मुददों पर चर्चा भी की। शक्तिरानी शर्मा के अंबाला आते ही उनके समर्थकों में जोश भर आया और मेयर के निवास के बाहर उनका स्वागत करने के लिए हुजूम उमड़ गया।

## शहर से मीट की दुकानें शहर से बाहर करने के लिए मेयर को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** श्री कृष्णा गऊ सेवा सोसाइटी के सदस्य मेयर शैलजा सचदेवा से मिलने पहुंचे। इस दौरान प्रधान मोनू चावला ने बताया कि वर्तमान में अंबाला शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मांस की दुकानें अनियंत्रित ढंग से संचालित हो रही हैं जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इन दुकानों के आसपास गंदगी दुर्गंध और कचरे के कारण न केवल स्थानीय नागरिकों को असुविधा हो रही है बल्कि यह हमारे धार्मिक विश्वासों और भावनाओं के भी विपरीत है। इसके अतिरिक्त मंदिर व धार्मिक संस्थानों के नजदीक भी काफी उक्त दुकानें खुली हुई है और इन दुकानों से मक्खी मच्छर की वजह काफी बीमारियां भी फैल रही है। उन्होंने कहा कि समस्त मांस विक्रेताओं को निर्धारित पर स्थानांतरित किया जाए।

# सैलरी को लेकर एनएचएम कर्मियों ने दिया ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला में जिले में एनएचएम कर्मचारियों ने मांग की गई है कि उनकी सैलरी सही समय पर नहीं मिल पा रही है। इसको ठीक करने के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के निदेशक के नाम सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा है।

कर्मचारियों के अनुसार, जब भी कभी कोई आपदा आती है तो उस समय एनएचएम कर्मचारी हमेशा पंक्ति में सबसे आगे होता है, चाहे वह बाढ़ की स्थिति हो चाहे कोविड, डेंगू , मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी महामारी हो। लेकिन, काफी लंबे समय से एनएचएम कर्मचारियों की तनख्वाह सही समय पर नहीं मिल पा रही है। जिससे प्रत्येक कर्मचारी आर्थिक और मानसिक परिस्थिति से गुजर रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि हर कर्मचारी के परिवार का गुजारा इसी तनख्वाह से चलता है और इसके अतिरिक्त आय का ओर कोई स्त्रोत नहीं होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### एयू जयपुर मैराथन 2026 का भव्य पोस्टर हाउस ऑफ कॉमन्स लंदन में हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली।** संस्कृति युवा संस्था द्वारा ब्रिटेन संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित भारत गौरव अवॉर्ड्स के अवसर पर 17 वी एयू जयपुर मैराथन 2026 का भव्य पोस्टर लॉन्च किया गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसे वहां उपस्थित अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और भारतीय समुदाय ने अत्यंत सराहा। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्माल फाइनेंस बैंक के सहयोग से एयू जयपुर मेराथन के अब तक सोलह संस्करण हो चुके हैं। पोस्टर का विमोचन लंदन के सांसद श्री नवेन्दु मिश्रा, यूके में पूर्व पूर्व सांसद रहे श्री वीरेंद्र शर्मा, हाउस ऑफ लॉर्ड्स सदस्य श्री रेमी रेंजर, हाउस ऑफ लॉर्ड्स पूर्व मंत्री बेरोनिस संदीप वर्मा, प्रयाग महाकुंभ सलाहकार श्री राकेश कुमार शुक्ला, लंदन पूर्व मेयर श्री सुनील चौपड़ा, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा, एयू जयपुर मैराथन सिर्फ एक मैराथन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वास्थ्य जागरूकता और वैश्विक एकता का प्रतीक है। यह आयोजन शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक रूप से लोगों को जोड़ता है। हमें गर्व है कि इसके 17वें संस्करण का शुभारंभ विश्व लोकतंत्र के केंद्र हाउस ऑफ कॉमन्स, लंदन से हुआ, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। आईआईईएमआर के निदेशक और एयू जयपुर मैराथन के सीईओ श्री मुकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि एयू जयपुर मैराथन 2026 के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है। इच्छुक प्रतिभागी आयोजन की जयपुर मैराथन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रारंभिक चरण में रजिस्ट्रेशन कराने वालों को 50% की विशेष छूट भी प्रदान की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस उत्सव का हिस्सा बन सकें।

### प्राइम डे पर अमेजन म्यूजिक से मिलेंगे कई तोहफे

**नई दिल्ली।** अमेजन म्यूजिक इंडिया इस बार प्राइम डे पर संगीत के श्रोताओं के लिए कुछ बहुत खास तोहफे लेकर आ रहा है। इस बार श्रोताओं को मिलेगी खास तौर पर उनके लिए तैयार की गई प्लेलिस्ट, कलाकार का खास वीडियो कॉन्टेंट, और पॉडकास्ट का जल्दी ऐक्सेस। ये ऐसी चीजें हैं जो सबसे पहले और सिर्फ अमेजन म्यूजिक ऐप पर ही उपलब्ध होंगी। अमेजन म्यूजिक, प्राइम डे स्पेशल बेलिस्ट के साथ श्रोताओं को रोमांचित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। बेलिस्ट एक खास तौर पर तैयार की गई प्लेलिस्ट है जिसकी थीम प्यार और पॉजिटिविटी है। इस प्लेलिस्ट में श्रोताओं को मिलेंगे नए और सबसे ज्यादा पसंद किए गए लव सॉन्ग्स। ये गाने हिन्दी, पंजाबी, तमिल, और तेलुगु में श्रोताओं के लिए उपलब्ध होंगे। इस लॉन्च को और भी शानदार बनाने के लिए अमेजन म्यूजिक ने भारतीय कलाकारों जैसे गुरु रंधावा और अक्षत आचार्य को भी अपने खास वीडियो आईपी आर्टिस्ट डायरीज से जोड़ा है। इस पेशकश से फैंस को अपनी पसंद के कलाकार के रचनात्मक सफर के बारे में कई अहम बातें मालूम होंगी और वे उनसे बेहतर जुड़ाव बना पाएंगे। इस साल प्राइम डे पर मिलने वाले फायदों के तौर पर अमेजन म्यूजिक इंडिया 2025 सो फार भी रिलीज करने जा रहा है। यह 2025 में अभी तक रिलीज हुए गानों की प्लेलिस्ट है जिसमें अभी तक के सबसे शानदार गानों को जगह दी गई है। इसमें 8 भारतीय भाषाओं और 3 अलग-अलग मूड के गाने शामिल किए गए हैं। अमेजन म्यूजिक इंडिया के कंट्री हेड ऋषभ गुप्ता ने कहा, अमेजन म्यूजिक में हमारी कोशिश यही रहती है कि हम ऐसे शानदार पल जोड़ें जो श्रोताओं को नए म्यूजिक तक ले जाने और उनसे दिल से जुड़ने में मदद कर सकें।

# रोड रूल्स, लाइफ टूल्स के तहत जागरूकता शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।**
जिला एवं सत्र न्यायधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में आज पुलिस विभाग के सौजन्य से प्रेम नगर स्थित लडकों और लड़कियों के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि हालसा पंचकूला के आदेशानुसार रोड रूल्स, लाइफ टूलस अभियान के तहत जिला के विभिन्न स्थानों व स्कूलों में जागरूकता शिविरों व चालान ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। पैरा लीगल वालंटियर पूजा व अज्ञा पाल ने निरीक्षक रोशन लाल, सब उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार व राजेश बाला ने स्टाफ व विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 13 सितंबर को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। साथ ही अदालत में लंबित मुकदमों व चालानों का भुगतान राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से करने के बारे में जागरूक किया।

# मेडिकल कॉलेज में यूपी की विवाहिता की मौत

**संदिग्ध**

**भाई को बोली- ससुरालियों ने जहर दिया, बचूंगी नहीं**
**पति-देवर पुलिस हिरासत में**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में रात को यूपी के डाबर गांव निवासी एक 27 वर्षीय विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसके भाई ने ससुराल के लोगों पर उसकी बहन की जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति और ताऊ के बेटे को हिरासत में ले लिया है। करनाल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतका के भाई आर्यन सिंह, जो मर्चेंट नेवी में तैनात हैं, ने बताया



कि उनकी बहन मोनिका ने मरने से कुछ घंटे पहले फोन कर बताया था कि उसे जहर दे दिया गया है और अब वह नहीं बचेगी। सहारनपुर के अंबेडापुर गांव की रहने वाली मोनिका की शादी करीब 4 साल पहले शामली जिले के डाबर गांव निवासी मनीष से हुई थी।

भाई के अनुसार, शुरूआती डेढ़ साल सब ठीक रहा, लेकिन फिर ससुराल में प्रताड ?ा शुरू हो गई। तीन दिन पहले मोनिका ने प्रताड ?ा की शिकायत की थी, जिस पर आर्यन ने गोवा से अपने परिवार को उसके ससुराल भेजा था।

पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों पर कार्रवाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद की जाएगी।

आर्यन ने बताया कि जब घर वाले मोनिका के ससुराल पहुंचे तो वह बीमार थी। इलाज कराने के बजाय ससुराल पक्ष ने मायके वालों से स्टाम्प पेपर पर साइन करवाने की बात कही और कहा कि तभी मोनिका को उनके साथ भेजा जाएगा। यह सुनकर परिवार हैरान रह गया। आखिर कौन पिता अपनी ही बेटी को ले जाने के लिए कानूनी सहमति देगा? कुछ देर बात करके मायका पक्ष वहां से लौट आया और मोनिका ने भी उन्हें समझा-बुझाकर वापस भेज दिया।आर्यन ने बताया कि रविवार को फिर मोनिका का फोन आया। वह बहुत डरी हुई आवाज में बोल रही थी। उसने कहा कि मुझे जहर दे दिया गया है, मैं अब नहीं बचूंगी। पापा के सामने कुछ नहीं बोल पाई, क्योंकि मुझे धमकाया गया था। मेरे पति, सास, ससुर, देवर, देवरानी और ताऊ के बेटे ने मिलकर मुझे प्रताड़ित किया है। यह सुनकर आर्यन घबरा गया और फिर से अपने घरवालों को डाबर भेजा और खुद भी तत्काल टिकट करवाकर गोवा से करनाल आया। जब परिजन दोबारा डाबर पहुंचे तो मोनिका वहां नहीं मिली। ससुराल पक्ष के लोग उसे हरियाणा के करनाल में कभी एक अस्पताल, कभी दूसरे अस्पताल में घुमाते रहे। आर्यन का आरोप है कि वे मोनिका को इसलिए इधर-उधर ले जा रहे थे ताकि कोई कानूनी कार्रवाई उन पर न हो पाए। उन्हें यह पता चल गया था कि लडक ी अब नहीं बचेगी। इसीलिए वे किसी को कुछ नहीं बता रहे थे।

आर्यन ने बताया कि उन्हें यह सूचना उनके एक दोस्त से मिली कि मोनिका को करनाल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर उन्हें बताया गया कि मोनिका की मौत हो चुकी है। शव को करनाल के मोर्चरी हाउस में रखा गया है। आर्यन ने सवाल उठाया कि अगर ससुराल वाले निर्दोष थे तो फिर उन्होंने बात क्यों छिपाई? क्यों मायके वालों को मोनिका की हालत की जानकारी नहीं दी।

# हिंसक घटना को लेकर आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य समाज बापौली में पुलिस के सामने हुई हिंसक घटना को लेकर आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में एक प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया पत्रकारों से वार्ता करते हुए हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के आचार्य अनुपम आर्य ने कहा कि आर्य समाज ने जहां देश को आजाद करवाने में अनेक बलिदान दिए हैं वहीं आजाद देश को सही दिशा प्रदान करने और संस्कारित शिक्षा देने के सभी प्रयास किए हैं तथा राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना को मजबूत बनाने के लिए विश्व में लगभग 10000 आर्य शिक्षण संस्थाएं और आर्य समाज की संस्थाएं दिन-रात प्रयास कर रही है ऐसे देशभक्त आर्य समाज पर गांव बापौली में जो दुखद घटना हुई और अनेक आर्य समाजियों के साथ मारपीट हुई कई आर्य समाजी तो जीवन मौत के साथ इस समय संघर्ष कर रहे हैं जो बहुत शर्मनाक और निंदनीय है एक सरपंच पति को ये अधिकार किसने दिया कि वो शांतिपूर्वक यज्ञ करने वाले आर्यो के ऊपर अचानक से कुछ गुंडे लाकर हमला करवा दे आज सभी के समक्ष यह सवाल आ खड़ा हुआ जब गांव की सरपंच महिला है तो उसके पति को ऐसे मामलों में शामिल होने की आजादी किसने दी ऐसे व्यक्ति जिला प्रशासन को ही नहीं भाजपा को भी बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि आर्य समाज ने देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद करने वाली संस्था आर्य समाज और उसके महान ऋषियों का अपमान करें उन्होंने कहा कि यह आर्य समाज की जमीन है राजस्व रिकॉर्ड में भी यह आर्य समाज बापौली के नाम दर्ज हैं उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि इन कानून का उल्लंघन करने वाले समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल और गांव में गुंडागर्दी करने वाले ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के अंतरंग सदस्य नायाब सिंह आर्य ने कहा कि आर्य समाज ने गुरुकुल शिक्षण प्रणाली के माध्यम से महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया आज महिलाएं छोटे बड़े सभी पदों पर कार्य कर रही है भाजपा की सरकार ने महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं में 50% आरक्षण दिया है और गांव बापौली में महिला सरपंच चुनी गई है लेकिन सरपंच पति उसकी शक्तियों का दुरुपयोग स्वयं कर रहा है उन्होंने कहा कि यह कितनी मूर्खतापूर्ण बात है कि 1932 से रजिस्टर्ड संस्था आर्यसमाज की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है जिसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह कम है आर्य समाज भविष्य में ऐसी घटना को बर्दाश्त नहीं करेगा और आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा आर्य समाज बापौली के साथ खड़ी है और वह ऐसा अन्याय नहीं होने देगी डॉक्टर रामवीर आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद , स्वामी श्रद्धानंद ने आर्य समाज का जो पौधा लगाया था आज वह पूरी तरह फल फूल रहा है ऐसे समय में बापौली में आर्य समाज मंदिर में यज्ञ कर रहे निहत्ते आर्य समाजियों पर पुलिस के सामने कातिलाना हमला होना और सरपंच पति शिव कुमार का इस हमले में शामिल होना बहुत ही दुखद घटना है आर्य समाज ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा इस घटना को लेकर शीघ्र ही एक प्रतिनिधि मंडल हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा विधायक मनमोहन सिंह भडाना से भेंट कर इस दुखद घटना में शामिल सभी लोगों की तत्काल गिरफ्तारी करने की मांग करेगा ताकि भविष्य में फिर कभी ऐसी घटनाएं न घट पाएं इस अवसर पर रिसालू से मेहताब आर्य गांव शिवाह से गुरुदेव आर्य, गांव डाहर से नरेंद्र आर्य, काबड़ी रोड से दलवीर आर्य, राजाखेड़ी से राजकुमार आर्य, प्रवीन आर्य, विशाल आर्य, डॉक्टर रामकुमार आर्य, यशपाल शास्त्री मौजूद रहे ।

# लोकहित मंच ने लगाया 7वां दिव्यांग जांच शिविर




**हांसी (दिनकर गावड़ी)**
सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा 7वें दिव्यांग जांच शिविर का किया आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के संयोजक नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल एवं कपिल बंसल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मंदिर के प्रांगण में
आयोजित इस शिविर में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला द्वारा दिव्यांग बंधुओं की जांच कर उनके कृत्रिम अंग हेतु नाप लिया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय सेवा प्रमुख कमलेश गर्ग, प्रदेश अनाज आढती एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार तायल, विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल एवं प्रबंधक पंडित रत्न लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकहित मंच सदैव समाज के कार्यों में लगा रहता है, जिसके लिए संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया एवं लोकहित मंच की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# संपादकीय

## बिहार चुनाव में होगी मध्य प्रदेश के निषादराज सम्मेलन की गूंज

**बाबा** महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 जुलाई को आयोजित निषादराज सम्मेलन न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि इसके गहरे सियासी मायने भी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य मछुआरा समुदाय को सशक्त बनाना, उनकी परंपराओं का सम्मान करना और सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देना है। निषादराज सम्मेलन रामायण के पात्र निषादराज गुह से प्रेरित रहा, जिन्हें प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी भक्ति और समर्पण के लिए जाना जाता है। निषादराज ने प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता को गंगा पार करने में सहायता प्रदान की थी जिसे सामाजिक समरसता का बड़ा प्रतीक माना जाता है। इस तरह के बड़े सम्मेलन का आयोजन देश के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में करके प्रदेश सरकार निषाद समुदाय को यह संदेश दे रही है कि वह विरासत से विकास के अपने विजन पर मजबूती के साथ काम कर रही है। मध्य प्रदेश में मछुआरा समुदाय की आबादी विशेष रूप से उज्जैन, नरसिंहपुर और होशंगाबाद में उल्लेखनीय है। यह समुदाय परंपरागत रूप से मत्स्य पालन और नदी-आधारित आजीविका पर निर्भर है। हालांकि यह समुदाय ओबीसी समुदायों जितना प्रभावशाली नहीं है फिर भी यह कई विधानसभा क्षेत्रों में जातिगत समीकरणों को प्रभावित करता दिखाई देता है। निषादराज सम्मेलन के आसरे भाजपा इस समुदाय को मुख्यधारा में लाने और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति को बेहतर करने की दिशा में अपने कदम मजबूती एक साथ प्रदेश की सियासत में बढ़ा रही है। मध्य प्रदेश आज मत्स्य उत्पादन और मछुआ समाज के सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री मछुआ कल्याण योजना जैसे नवाचारों ने हजारों मछुआरों के जीवन में नई आशा की किरण जगाई है। ड्रोन और जीपीएस प्रणाली जैसे नवाचार और योजनाएं मध्य प्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सधे हुए कदम हैं। मुख्यमंत्री ने 22 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमि-पूजन और इंदिरा सागर बांध में लगभग 92 करोड़ लागत से 3360 केज परियोजना का वर्चुअल भूमि-पूजन किया और कहा कि अब मछली पालन सिर्फ पारम्परिक कार्य नहीं, एक आधुनिक उद्योग है। इसमें निवेश बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा और सरकार मस्त्य पालन के लिए मछुआरों को अनुदान देगी। भोपाल में 40 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक एक्वा पार्क का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा सागर सहित अन्य जलाशयों में 3 लाख से अधिक केज स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश में वर्तमान में 4.4 लाख हेक्टेयर में मछली पालन कार्य हो रहा है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, एनएस कम्प्यूटर, जंधी रोड़, सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# फाइलों में लटकी तबादला नीतिः शिक्षक टकटकी लगाए बैठा है



डॉ. सत्यवान सौरभ

> यही नहीं, विभाग के ही एक अधिकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है। इसका मतलब है कि नीति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आएगी, तब तक तो सत्र का मध्य आ जाएगा। और फिर यही तर्क दिया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए तबादले अगले सत्र तक स्थगित किए जाएं। यह चक्र हर साल दोहराया जाता है। नीति नहीं बनती, फिर कहा जाता है सत्र बीच में है। शिक्षक अपनी योजना नहीं बना पाते। न वे CCL ले सकते हैं, न मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं कि उन्हें स्थानांतरण मिलेगा या नहीं। विभाग एक गंभीर संकट में है झ जहां फाइलें चल रही हैं पर निर्णय नहीं। इस असमंजस का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थी झेलते हैं। जब कोई शिक्षक दो साल से ट्रांसफर की प्रतीक्षा में है, तो उसका ध्यान स्वाभाविक रूप से पढ़ाई से हटता है

**हरियाणा** के शिक्षक एक बार फिर से असमंजस, अफवाहों और अधूरी सूचनाओं के बीच फंसे हुए हैं। स्कूलों में रोज सुबह की शुरूआत चाय और स्टाफरूम की बातचीत से होती है झ "ट्रांसफर कब होंगे?" इस प्रन का उत्तर किसी के पास नहीं, पर अनुमान सबके पास है। कोई कहता है अगस्त में, कोई कहता है कैबिनेट के बाद, कोई मानता है अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है। मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रन अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया?

यह एक प्राासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब?

परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह सीलबंद ईमानदारीह्व की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारर्दाीता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित खेल से विभाग खुद भी डरता है। इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति - जब वह SMC जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है। यही विभाग है जो दिसंबर से तबादले करवाने की बात कर रहा है और जुलाई तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। हर सप्ताह एक नया आदो आता है और अगले सप्ताह कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द करा देता है। इससे यह साफ हो जाता है कि विभाग में



समन्वय का सर्वथा अभाव है। हर कोई अपने स्तर पर ह्लफैसलाह्व लेने को तत्पर है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने वाला कोई नहीं।

शिक्षक वर्ग इस भ्रम और अपारदर्शिता से मानसिक थकावट का शिकार हो चुका है। हर विद्यालय में इसी एक मुद्दे पर बातचीत होती है झ कोई ट्रांसफर की फाइल बनवा रहा है, कोई उउछ फॉर्म भरवा रहा है, कोई रिजल्ट आने की प्रतीक्षा में है, और कोई अपने संपर्कों से जानकारी जुटाने की कोशिश में है। एक प्रकार का मानसिक खिंचाव और अस्थिरता है जो शिक्षकों के काम को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह सोचने योग्य है कि जिस व्यवस्था पर भविष्य की पीढ़ी टिकी है, वह खुद अस्थिर और भ्रामक हो गई है।

इसके पीछे प्राासन की निर्णयहीनता तो है ही, साथ ही यह राजनीतिक प्राथमिकताओं की भी उपेक्षा है। चुनावों, घोषणाओं, और दिखावटी योजनाओं में सरकारें व्यस्त हैं लेकिन शिक्षक तबादला नीति जैसी बुनियादी जरूरतों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। जब शिक्षक मानसिक रूप से अस्थिर रहेंगे, तो बच्चों की पढ़ाई कैसे स्थिर रह पाएगी? हरियाणा के कई जिलों में एक ही शिक्षक दो-दो स्कूलों में पढ़ा रहा है, कुछ स्कूलों में विषय विशेषज्ञ ही नहीं हैं, और दूसरी ओर जिनका तबादला होना चाहिए, वे वर्षों से एक ही स्थान पर टिके हैं।

टक्र (मैनजमेंट इंफॉर्मोन सिस्टम) को आधार बनाकर ऑनलाइन तबादला प्रणाली की बात की गई थी। पर नीति न बनने के कारण यह सिस्टम भी अपडेट नहीं हो पा रहा। तकनीक का नाम लेकर प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने का दावा तो किया गया, लेकिन जब तक नीति नहीं आती, तब तक सब कुछ एक क्लिक से दूर है। यह एक ऐसा डिजिटल सपना है जो अभी तक साकार नहीं हुआ।

शिक्षकों का प्रमोशन हुआ, कई स्थान रिक्त हो गए। अब सवाल यह है कि क्या ट्रांसफर प्रमोशन के बाद होंगे? अगर हां, तो फिर कितने और प्रमोशन लंबित हैं? इन सवालों का कोई जवाब विभागीय वेबसाइट पर नहीं है, केवल शिक्षक संगठनों के व्हाट्सएप ग्रुप में अफवाहें हैं। यही नहीं, विभाग के ही एक अधिकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है। इसका मतलब है कि नीति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आएगी, तब तक तो सत्र का मध्य आ जाएगा। और फिर यही तर्क दिया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए तबादले अगले सत्र तक स्थगित किए जाएं।

यह चक्र हर साल दोहराया जाता है। नीति नहीं बनती, फिर कहा जाता है सत्र बीच में है। शिक्षक अपनी योजना नहीं बना पाते। न वे CCL ले सकते हैं, न मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं कि उन्हें स्थानांतरण मिलेगा या नहीं। विभाग एक गंभीर संकट में है झ जहाँ फाइलें चल रही हैं पर निर्णय नहीं। इस असमंजस का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थी झेलते हैं।

जब कोई शिक्षक दो साल से ट्रांसफर की प्रतीक्षा में है, तो उसका ध्यान स्वाभाविक रूप से पढ़ाई से हटता है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर कार्यरत हैं और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के कारण मन से आांत हैं। क्या यही मानसिकता लेकर वे बच्चों को शिक्षा दे पाएंगे?

यह भी सत्य है कि हरियाणा में तबादलों के नाम पर वर्षों से राजनीति हुई है। कभी ट्रांसफर लिस्ट में भाई-भतीजावाद होता है, कभी पंचायत चुनावों से पहले तबादले रुक जाते हैं, कभी किसी नेता के कहने पर नाम जोड़ या घटा दिए जाते हैं। पारर्दाीता की बात केवल नीति पत्रों में होती है, जमीन पर उसका कोई संकेत नहीं मिलता। यदि सरकार और विभाग वास्तव में शिक्षा सुधार को गंभीरता से लेना चाहते हैं, तो उन्हें इस स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले झ स्पष्ट समयसीमा दी जाए कि तबादला नीति कब आएगी। दूसरा झ जब तक नीति नहीं आती, तब तक परीक्षा परिणामों को लेकर भ्रम न फैलाया जाए। तीसरा झ विभागीय समन्वय बढ़ाया जाए ताकि एक आदो आने के बाद कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द न कर सके। और सबसे महत्वपूर्ण झ हर प्रक्रिया को ऑनलाइन ट्रैक करने योग्य बनाया जाए। ट्रांसफर कोई कृपा नहीं, यह शिक्षक का अधिकार है। उसे ह्लफेवरह्व की तरह प्रस्तुत करना, एक अपमानजनक प्रवृत्ति है। शिक्षक न तो कोई राजनैतिक कार्यकर्ता हैं, न ही किसी गुट का हिस्सा। वे उस नींव के पत्थर हैं, जिन पर समाज का भविष्य खड़ा है। और यदि नींव को ही अनिश्चितता में रखा जाएगा, तो शिखर कैसे मजबूत बनेगा? यह लेख एक आग्रह है झ शिक्षा विभाग और सरकार से, कि वह इस भ्रम, ढुलमुल रवैये और प्राासनिक कायरता से बाहर आए। तबादला नीति को केवल फाइलों और लॉकरों में बंद करने के बजाय, जमीन पर उतारें। क्योंकि शिक्षक अब थक चुका है। और जब शिक्षक थकता है, तो पूरा समाज सुस्त हो जाता है।

## नए युग की रेसः क्या अंतरिक्ष भी शक्तिशाली देशों का गुलाम बनेगा?

**प्रो. आरके जैन**

अंतरिक्ष, मानवता की असीम जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा का वह विशाल सागर, अब केवल वैज्ञानिक अन्वेषण का क्षेत्र नहीं, बल्कि एक ऐसी खदान बन रहा है, जो भविष्य की अर्थव्यवस्थाओं और सभ्यताओं को नया स्वरूप दे सकती है। चंद्रमा की धूल भरी सतह से लेकर क्षुद्रग्रहों की धात्विक गहराइयों तक, ये अंतरिक्षीय खजाने विज्ञान-कथाओं से निकलकर वास्तविकता का रूप ले रहे हैं। फिर भी, इस चमकदार संभावना के पीछे छिपा है एक अनिश्चित भविष्य, जहां अनियंत्रित लालच और तकनीकी प्रतिस्पर्धा अंतरिक्ष को पृथ्वी की तरह विनाश के कगार पर ला सकती है। क्या हम इस नए युग को निष्पक्षता और दूरदर्शिता के साथ आकार दे पाएंगे, या यह एक और ऐसी दौड़ होगी, जो केवल शक्तिशाली के अधीन रहेगी? अंतरिक्ष खनन की इस होड़ को संयमित करना अब महज एक विकल्प नहीं, बल्कि मानवता का अनिवार्य कर्तव्य है। चंद्रमा और क्षुद्रग्रहों में छिपे खजाने मानवता के लिए एक अभूतपूर्व क्रांति का द्वार खोल रहे हैं। चंद्रमा पर हीलियम-3, जो स्वच्छ और असीमित परमाणु संलयन ऊर्जा का स्रोत बन सकता है, की अनुमानित मात्रा 10 लाख मीट्रिक टन है, जिसकी कीमत वैश्विक अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। नासा के अनुसार, एक टन हीलियम-3 की कीमत 3 अरब डॉलर तक हो सकती है। दूसरी ओर, क्षुद्रग्रह जैसे 16 साइके में लोहा, निकल और प्लैटिनम का अनुमानित मूल्य 10,000 क्वाड्रिलियन डॉलर है—पृथ्वी की पूरी अर्थव्यवस्था से कहीं अधिक। पानी, जो अंतरिक्ष में जीवन और ईंधन का आधार है, चंद्रमा की ध्रुवीय बर्फ और क्षुद्रग्रहों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। ये संसाधन न केवल पृथ्वी पर दुर्लभ खनिजों की कमी को पूरा कर सकते हैं, बल्कि अंतरिक्ष में मानव बस्तियों और दीर्घकालिक मिशनों को भी वास्तविकता बना सकते हैं। इस अपार संभावना ने राष्ट्रों और निजी कंपनियों को एक नई होड़ में उतार दिया है। अमेरिका की मून एक्सप्रेस और जापान की आइस्पेस जैसी कंपनियां चंद्र खनन के लिए रोबोटिक तकनीक विकसित कर रही हैं, जबकि लक्जमबर्ग ने 2017 में अंतरिक्ष खनन को बढ़ावा देने वाला कानून बनाकर निवेशकों को लुभाया है। 2015 का अमेरिकी 'स्पेस एक्ट' कंपनियों को अंतरिक्ष संसाधनों पर स्वामित्व का अधिकार देता है, जिसने इस दौड़ को और तेज कर दिया।

मगर यह स्वतंत्रता एक गंभीर सवाल उठाती हैः क्या अंतरिक्ष के ये खजाने केवल तकनीकी और आर्थिक रूप से सक्षम देशों और कंपनियों की जागीर बन जाएंगे? 1967 की 'आउटर स्पेस ट्रीटी' अंतरिक्ष को मानवता की साझा विरासत घोषित करती है, लेकिन संसाधन स्वामित्व और खनन के नियमों को स्पष्ट नहीं करती।

# विचार

## न भाजपाई सुधरेंगे और न मनसे वाले

**राकेश अचल**

भारत में राजनीति मुद्दों पर हो ही नहीं सकती क्योंकि हर दल जाति, मजहब औऔर भाषा की बिना पर सियासत करने की आदत छोडने के लिए राजी नहीं है. आप इस प्रवृत्ति की तुलना अपनी पसंद के प्रतीक से कर सकते हैं मुद्दों पर राजनीति करने से कहीं ज्यादा आसान बेसिर- पैर के मुद्दों पर राजनीति करना है. पश्चिम बंगाल के भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक शुभेंदु अधिकारी हों या मनसे के राज ठाकरे, दोनों में कोई अंतर नहीं है.

पिछले दिनों शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हमारे प्रदेश से कोई भी बंगाली मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर में घूमने नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में हिंदू पर्यटक सुरक्षित नहीं है। जब पश्चिम बंगाल में ही हिंदू सुरक्षित नहीं है तो मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर में सुरक्षित कैसे हो सकते हैं? शुभेंदु अधिकारी ने ऐसा बयान तब दिया है, जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी देशवासियों से कश्मीर आने की अपील कर रही है। स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने भी लोगों से कश्मीर में पर्यटन करने की अपील की है। आपको याद होगा कि गत 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जो 28 हिंदुओं की हत्या आतंकवादियों ने की, उसके बाद पर्यटकों का कश्मीर जाना बंद हो गया था। लेकिन अब धीरे धीरे पूरे जम्मू कश्मीर के हालात सुधर रहे हैं। पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। शुभेंदु अधिकारी ने जो बयान दिया, वह केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के विरुद्ध भले हो लेकिन भाजपा हाई कमान ने इस बयान पर मौन साथ कर परोक्ष रुप से उनका समर्थन किया. बंगाल की ही तरह महाराष्ट्र में मुंबई के स्थानीय निकाय चुनावों से पहले मराठी बोलने को लेकर विवाद बड़ा सियासी मुद्दा बनता जा रहा है। हिंदीभाषी लोगों के खिलाफ हिंसा के बीच महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने पहलगाम आतंकी हमले और मुंबई में ह्यहिंदुओंह्ल की पिटाई को एकसमान बताया है। शेलार ने उद्धव-राज ठाकरे का नाम न लेते हुए रविवार को कहा कि राज्य देख रहा है कि कैसे कुछ नेता ह्यअन्य हिंदुओं की पिटाई का आनंद ले रहे हैंह्ल उनकी यह टिप्पणी उस घटना के बाद आई है, जिसमें मनसे कार्यकताओं ने मुंबई में मिठाई की दुकान के मालिक की मराठी न बोलने पर पिटाई कर दी थी।मनसे कार्यकताओं ने शेयर बाजार निवेशक सुशील केडिया के वर्ली स्थित दफ्तर के कांच के दरवाजे तोड़ दिए थे। केडिया ने राज ठाकरे को चुनौती देते हुए कहा था कि वे मराठी नहीं बोलेंगे। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे की हालिया टिप्पणियों की आलोचना की है और उन्हें दादागिरी को बढ़ावा देने वाला बताया और मनसे कार्यकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि लोगों को मराठी बोलने के लिए मजबूर करना गलत है। हिंसा में शामिल मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। अठावले ने राज के रुख पर पूछा कि ऐसी घटनाओं के कारण उद्योग बंद हो जाते हैं तो क्या वे सभी को रोजगार देंगे।

आपको बता दें कि गत 5 जुलाई को मशहूर इन्वेस्टर सुशील केडिया के वर्ली स्थित ऑफिस में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकताओं ने तोड़फोड़ की थी।

और मनसे सुप्रीमो राज ठाकरे के समर्थन में नारे लगाए थे। पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को हिरासत में लिया है। ये हमला उद्धव और राज ठाकरे की संयुक्त रैली के कुछ घंटे पहले किया गया। ये हमला केडिया के 3 जुलाई की उनकी पोस्ट के बाद हुआ। उन्होंने मनसे चीफ राज ठाकरे को टैग करते हुए लिखा था- कि -'मुंबई में 30 साल रहने के बाद भी मैं मराठी ठीक से नहीं जानता और आपके घोर दुर्व्यवहार के कारण मैंने यह संकल्प लिया है कि जब तक आप जैसे लोगों को मराठी मानुष की देखभाल करने का दिखावा करने की परमिशन नहीं दी जाती, मैं प्रतिज्ञा लेता हूं कि मैं मराठी नहीं सीखूंगा।

महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने कहा कि तीन भाषा का फॉमूर्ला केंद्र से आया। हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं. मुझे लगत है कि मजहब, जाति और भाषा विवाद जारी रखकर ये तमाम नेता अपने क्षेत्रों का विकास अवरुद्ध कर रहे है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज ने एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 द्वारा मेसर्स मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**
पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## रीलों का रोना, दिल का खोना

**डॉ. सुरेश कुमार**

इस डिजिटल युग में, जहाँ हर कोई 'वायरल' होने की होड़ में था, मैं भी एक अदना सा 'कंटेंट क्रिएटर' था। कद-काठी का क्या पूछना, ऐसा लगता था जैसे किसी ने माचिस की तीली पर दो आलू चिपका दिए हों। दुबला-पतला, बेसुरा सा, जिसकी 'रीच' तो क्या, खुद की आवाज भी मुश्किल से दो कमरों तक पहुँच पाती थी। पेट कमर से ऐसा सटा हुआ कि पैंट नीचे खिसकती रहती थी, मानो कह रही हो, "भाई, कुछ तो खा ले, मेरा भी वजूद है!" जहाँ बाकी 'क्रिएटर्स' अपनी सिक्स-पैक एब्स और 'चार्मिंग' स्माइल से लाखों दिलों पर राज करते थे, मैं अपने 'एनालिटिक्स' में 'जीरो' देखकर ही संतोष कर लेता था। मेरे वीडियोज पर लाइक तो दूर, गलती से भी कोई 'स्क्रॉल' करते हुए रुक जाए, तो मैं उसे 'ईश्वर का चमत्कार' मान लेता था। लोग कहते थे, 'क्रिएटर्स' को 'फेम' और 'फॉलोअर्स' के अलावा किसी और चीज के बारे में नहीं सोचना चाहिए, खासकर 'ऑनलाइन क्रश' के बारे में। ऐसा होने पर लगातार 'स्क्रॉलिंग' के बीच उसके 'डिप्रेशन' में जाने का अंदेशा बना रहता है, मगर मेरा दिमाग था कि हर समय 'प्रोफाइल पिक्चर्स' और 'बायोस' में ही उलझा रहता था। 'डिजिटल ब्यूटी' मेरी कमजोरी थी, मानो किसी ने मेरे 'अल्गोरिथम' में ही 'मोहब्बत' का वायरस डाल दिया हो। यह जानते हुए भी कि मेरे लिए 'कंटेंट क्रिएशन' का काम मुश्किल था, मैं एक 'वायरल सेंसेशन' ही बनना चाहता था। किस्मत से एक 'शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म' पर मुझे 'कोलाब' का काम मिल गया। यह ऐसा था जैसे किसी कछुए को 'रेस' में दौड़ाने का मौका मिल गया हो। मेरी आँखों में 'लाइक' और 'कमेंट' की चमक ऐसी थी, मानो किसी बच्चे को दिवाली के पटाखे मिल गए हों। मेरा सपना था कि एक दिन मेरा भी वीडियो करोड़ों लोगों तक पहुँचेगा और मैं भी 'मिलियन-डॉलर' स्माइल के साथ 'स्पॉन्सर्ड पोस्ट' करूँगा। लेकिन उस समय मुझे यह नहीं पता था कि यह 'डिजिटल जंगल' कितना घना और खतरों से भरा है, जहाँ हर 'लाइक' एक नया जाल बुनता है और हर 'फॉलो' एक नई उम्मीद जगाकर तोड़ देता है। मेरा साथ देने के लिए मेरा जिगरी यार, 'पिक्सेल' था। 30 साल का जवान, जो अपनी 'डिजिटल दुनिया' में मुझसे भी ज्यादा 'लॉस्ट' रहता था। उसमें जवानी का नामोनिशान नहीं था, मानो किसी 'लो-रेजोल्यूशन' कैमरे से खींची गई तस्वीर हो। भारी-भरकम चेहरा, गोल-मटोल गाल, छोटी-छोटी आँखें और 'गुल्लक' की तरह छोटा सा मुँह था, जिसमें से बस 'डाटा पैक' और 'वाईफाई' की बातें निकलती थीं।

## नॉर्थ कोरिया,रूस और चीन की जुगलबंदी

**संजीव**

**अमेरिका** में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोषी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है ।रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है' उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा:** ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड एक विनिर्माण कंपनी है जिसका मुख्य ध्यान नेटवर्किंग केबल और पैसिव नेटवर्किंग उपकरणों पर है। यह लगभग दो दशकों से कार्यरत है और ब्रॉडबैंड, दूरसंचार, डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट बिल्डिंग ऑटोमेशन/सुरक्षा, सिस्टम इंटीग्रेशन, एफएमईजी और ऑटोमोटिव सहित उच्च-विकासशील उद्योगों की आवश्यकताओं को पूरा करती है। कंपनी निम्नलिखित व्यापक क्षेत्रों के अंतर्गत विविध प्रकार के उत्पादों का निर्माण करती है: नेटवर्किंग केबल और समाधान; विशेष ऊर्जा, ऑप्टिकल फाइबर केबल और समाधान; और अन्य संबद्ध उत्पाद। ओरिएंट केबल्स (इंडिया) लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) के माध्यम से कुल रु 7000 मिलियन (रु700 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु 1) के प्रस्ताव आकार की तुलना में धन जुटाने की है। (कुल निर्गम आकार) इस प्रस्ताव में कुल रु3200 मिलियन (रु320 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (ताजा निर्गम) और विक्रय शेयरधारकों द्वारा कुल रु3800 मिलियन (रु380 करोड़) तक के शेयरों का बिक्री प्रस्ताव (बिक्री प्रस्ताव) शामिल है। कंपनी निवल आय का उपयोग निम्नलिखित के वित्तपोषण हेतु करने का प्रस्ताव करती है - (़) अपनी विनिर्माण सुविधाओं में मशीनरी, उपकरण और सिविल कार्यों की खरीद हेतु कंपनी की पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं का वित्तपोषण, जिसकी अनुमानित राशि रु 915 मिलियन [रु 91.50 करोड़] है; (़) कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के सभी या कुछ भाग का पूर्ण या आंशिक रूप से पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान, जिसकी अनुमानित राशि रु 1555 मिलियन [रु 155.50 करोड़] है और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए। (निर्गम का उद्देश्य)।

### तालाब में मिला महिला का शव, मानसिक रुप से बीमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** इंद्री हलके के गांव घीड़ में सोमवार की दोपहर गांव के तालाब में एक महिला का शव मिला। शव की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
मृतका की पहचान 50 वर्षीय सुदेश के रूप में हुई है, वह घीड़ की ही रहने वाली थी। सरपंच प्रतिनिधि सुशील ने बताया कि सुबह ग्रामीणों ने तालाब में किसी महिला का शव देखा। उन्हें सूचना दी गई तो उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान गांव की ही रहने वाली महिला सुदेश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतका मानसिक रूप से बीमार थी और उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था।
गांव वालों के अनुसार, कई साल पहले सुदेश के पति का निधन हो गया था। महिला के दो बेटे हैं। एक बेटा दूध बेचने का काम करता है, जबकि दूसरा बेटा मेडिकल लाइन में नौकरी करता है। परिवार में महिला की देखरेख की जिम्मेदारी दोनों बेटों पर थी।
घटना की सूचना मिलने पर इंद्री पुलिस थाना से जांच अधिकारी सत्यवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि गांव घीड़ में तालाब से एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव को कब्जे में लेकर करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भिजवाया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### सावन शिवरात्रि पर लगेगा 45 वां विशाल भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(रणबीर खटक)** श्रावण मास की शिवरात्रि 23 जुलाई पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर सिरसा के रानियां रोड़ स्थित श्री बाबा तारा जी कुटिया परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुटिया के सेवक और कार्यकर्ता पहुंचे। साथ ही शहर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। शिवरात्रि पर लगने वाले विशाल भंडारे को लेकर सभी कार्यकताओं को दायित्व सौंपे गए। बैठक का आयोजन श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने बैठक को संबोधित किया। सावन शिवरात्रि पर्व का महत्व बताया। सावन शिवरात्रि को ही श्री बाबा तारा जी की पुण्यतिथि है। श्रद्धालु पर्व की तरह ही इस दिन को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास की शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से श्री बाबा तारा कुटिया में मनाया जाता है। इस बार भी विशाल भंडारा लगाया जा रहा है।

# सीडीएलयू और साइबर थ्रेट हरियाणा, पानीपत के बीच हुआ एमओयू

**निर्णय**

▸▸ साइबर सुरक्षा और डिजिटल स्वच्छता शिक्षा को बढ़ावा देने के क्षेत्र में काम करने की मंशा को मान्यता दी है

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा:** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा ने बारहवीं पास विद्यार्थियों के लिए साइबर सिक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग तथा डिप्लोमा इन डिजिटल फॉरेंसिक एंड इन्वेस्टीगेशन के दो डिप्लोमा कोर्सेस शुरू करने का निर्णय लिया है। इन दोनों कोर्सेस की अवधि एक वर्ष की होगी और इसमें दाखिले के लिए विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसी सप्ताह से उपलब्ध हो जाएगी।



इस संबंध में सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी रूम में सीडीएलयू, सिरसा तथा साइबर थ्रेट हरियाणा, पानीपत के मध्य छात्र हित को ध्यान में रखते हुए एक एमओयू हुआ। सीडीएलयू के कुलपति कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सीडीएलयू, सिरसा के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार की गरिमामई उपस्थित में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अशोक शर्मा तथा साइबर थ्रेट हरियाणा, पानीपत के निदेशक सनी ने साँझा करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल स्वच्छता शिक्षा को बढ़ावा देने के क्षेत्र में काम करने की एक-दूसरे की मंशा को मान्यता दी है और लोगों को साइबर खतरों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए दो नए कोर्स शुरू करने के लिए करार पत्र पर हस्ताक्षर किए।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने बताया कि इस करार पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए दो नए कोर्स डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग तथा डिप्लोमा इन डिजिटल फॉरेंसिक एंड इन्वेस्टीगेशन शुरू किए जाएंगे। ये दोनों कोर्स एक-एक वर्ष की अवधि के होंगे। इन कार्यक्रम के एक भाग में 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। ये कोर्स विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के अंतर्गत संचालित होंगे। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर विक्रम सिंह, कुलपति कार्यालय के निजी सचिव धर्मवीर, कुलसचिव कार्यालय के निजी सहायक अशोक सैनी आदि उपस्थित थे।

## हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने गांव साहूवाला द्वितीय में बच्चों में परोसा भोजन



**सिरसा (रणबीर खटक)**
हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गांव साहूवाला द्वितीय स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए विशेष सामूहिक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने की। ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे और बच्चों को प्रेमपूर्वक भोजन करवाया। इस मौके पर प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि बच्चों की सेवा ईश्वर की सेवा है। जब हम उनके साथ समय बिताते हैं, तो हमें भी एक नई ऊर्जा मिलती है। मनीष सिंगला ने भी कहा कि हमें बच्चों को सिर्फ शिक्षा नहीं, संस्कार भी देने की जरूरत है। आज जरूरत हैं कि बच्चों के कदमों को सही दिशा दी जाए। मनीष सिंगला ने कहा कि अपने आप को परमात्मा के हाथ में सौंप दो, फिर आप देखेंगे कि भगवान की अटूट कृपा आप पर बरसेगी। इसी के साथ शांत रहने की कला भी सीखिए। इस दौरान सिंगला परिवार की तीनों पीढ़ियों प्रो गणेशी लाल, उनके बेटे मनीष सिंगला व पौत्र लक्ष्य सिंगला ने अपने हाथ से बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, और पूरे स्कूल परिसर में आनंद और उमंग का माहौल रहा।

## गली में खड़े घोड़े को लेकर हिंसक झड़प

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हलका इंद्री के गांव कलसोरा में गली में खड़े एक घोड़े को हटाने को लेकर शुरू हुआ मामूली झगड़ा हिंसक टकराव में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों, गंडासी और मोगरी से हमला कर दिया। इसमें दोनों ओर के छह व्यक्ति घायल हो गए। सभी घायलों को पहले इंद्री अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुलजार की बेटी की गंभीर हालत को देखते हुए उसे करनाल रेफर कर दिया गया। दोनों पक्षों ने देर रात इंद्री थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मागदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने सोमवार को टीम के साथ गांव बौहली व कचरौली के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।
उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने इस दौरान छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा




और भविष्य भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। उन्होनें कहा कहा कि जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है।
उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है।
उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें। खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। नशे से संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 या नजदीकी पुलिस थाना में दे। ताकी नशा तस्करों को काबू कर जेल की सलाखो के पीछे भेजा जा सके और नशे जैसी बुराई को समाप्त किया जा सके। इस दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे।

## कार चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
सीआईए वन पुलिस टीम ने रविवार शाम को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर कार चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से चोरी की एक टाटा अल्ट्रोज कार बरामद हुई। जिसे 27 जून की रात देवी मंदिर के पास से चोरी किया गया था। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को रविवार को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि रिफाइनरी रोड स्थित एचएसआईडीसी में संदिग्ध किस्म का एक युवक टाटा अल्ट्रोज कार में घूम रहा है। कार चोरी की होने की संभावना है।
पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर कार सवार युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान देशराज कॉलोनी निवासी पंकज पुत्र पवन के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने देशराज कॉलोनी निवासी अपने साथी दीपक चोपड़ा पुत्र गुरूबख्श के साथ मिलकर उक्त कार 27 जून की रात देवी मंदिर के छोटे गेट के पास से चोरी करने बारे स्वीकारा। आरोपी पंकज की निशानदेही पर आरोपी दीपक चोपड़ा को सेक्टर 13/17 में हेलीपेड के पास से गिरफ्तार किया। कार चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में माडल टाउन भाटिया कॉलोनी निवासी हिमांशु जिंदल पुत्र राज कुमार जिंदल की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा सिरसा में सेवा का अनूठा उदाहरण

**सिरसा (रणबीर खटक)**
**सतयुग दर्शन ट्रस्ट (रजि.)** महावीर सत्संग सभा, सिरसा द्वारा चलाया जा रहा विश्वस्तरीय निष्काम सेवा अभियान इन दिनों मानवता की मिसाल बनता जा रहा है। कुदरत के आह्वान को स्वीकार करते हुए ट्रस्ट के समर्पित सदस्यों ने अपनी एक माह की आय को मानव कल्याण के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया है, और इसी भावना के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक सेवा कार्य लगातार जारी हैं।
**एकता, समर्पण और सेवा की**



**अद्वितीय मिसाल**
इस अभियान के अंतर्गत रविवार को यादव विद्या मंदिर हाई स्कूल, सिरसा में एक विशाल चैरिटी सेवा आयोजन किया गया। इसमें गांव कंगनपुर, रंगड़ी, सिरसा शहर के किसान चौक, डिफेंस कॉलोनी, खैरपुर, चतरगढ़पट्टी व दयाल नगर से आए करीब 350 परिवारों के लगभग 2000 जरूरतमंद लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन, कपड़े और राशन सामग्री वितरित की गई। इस आयोजन में सिरसा के ट्रस्ट सदस्यों ने समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य किया। सभी ने अलग-अलग ज़िम्मेदारियां निभाते हुए इस आयोजन को सफल बनाया। स्नेहपूर्वक सेवा करने की यह भावना न केवल जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाई, बल्कि समाज को भी एक सकारात्मक संदेश दिया।
सदस्यों ने जताया आभार
इस अवसर पर सज्जन आत्मप्रकाश मेहता, सज्जन हंसराज मेहता, सज्जन सतीश मलिक, सज्जन रानी मेहता, सज्जन ऊषा मेहता और सज्जन बालक मेहता ने ट्रस्ट के सभी सेवा-भावी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि "सेवा ही सच्चा धर्म है" और वे समय-समय पर इसी प्रकार समाजसेवा के कार्यक्रमों को जारी रखेंगे।
**निष्काम सेवा अभियान बना प्रेरणा स्रोत** सतयुग दर्शन ट्रस्ट का यह प्रयास आज के समय में सेवा की असली परिभाषा को उजागर करता है। जब लोग अपने व्यस्त जीवन में स्वार्थ के लिए दौड़ रहे हैं, ऐसे समय में निःस्वार्थ सेवा के लिए एक महीने की आय समर्पित करना, निश्चय ही समाज में बदलाव लाने वाला कदम है।

# समाधान शिविर में 32 शिकायतें दर्ज, अधिकारियों को दिए गए समयबद्ध समाधान के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण पहल समाधान शिविर नागरिकों के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरी है। समाधान शिविर के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। इसी कड़ी में लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में 32 नागरिकों ने समस्याओं को रखा। उपायुक्त ने बताया कि यह हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आम




जनता को बिना किसी संकोच के अपनी हर तरह की कठिनाइयों को सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्रदान करती है।
उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को समाधान पोर्टल पर अपलोड किया जाता है ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निवारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करें। यदि किसी कारणवश किसी शिकायत पर कार्रवाई संभव नहीं है तो शिकायतकर्ता को उसके कारणों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## फायरिंग की सूचना पर हडकंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-12 में स्थित शराब ठेके के बाहर बीती रात फायरिंग की सूचना से पुलिस में हडकंप मच गया। कंट्रोल रूम में फायरिंग की सूचना मिलते ही सुरक्षा अधिकारी, सिविल लाइन थाना पुलिस और डायल-112 की ईआरवी गाडि?ां सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंच गईं। चंद मिनटों में ही पूरा इलाका पुलिस छावनी में तबदील हो गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से फायरिंग के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने किसी फायरिंग की घटना से इनकार कर दिया। हालांकि जब कॉलर सामने आया तो उसने घटना की पूरी जानकारी दी

# एनडीआरआई ने की डेरी सेक्टर में नई रिसर्च

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान ने पशुपालन और दूध उत्पादन की दुनिया में इतिहास रचा है। पहली बार क्लोनिंग तकनीक से तैयार की गई गाय गंगा के अंडाणुओं से दूसरे मादा पशु ने एक स्वस्थ बछड़ी को जन्म दिया है। इस कामयाबी ने पशु प्रजनन में मल्टीप्लिकेशन यानी एक ही उच्च नस्ल की गाय से कई पशुओं को जन्म देने का रास्ता खोल दिया है। अब एक गाय के गुणों को दर्जनों नए पशुओं में दोहराया जा सकेगा, जिससे डेयरी सेक्टर में न सिर्फ दूध उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि बेहतर नस्लों की क्रांति भी आएगी। यह सफलता भविष्य की डेयरी इंडस्ट्री



की तस्वीर बदल सकती है।
एनडीआरआई के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने सोमवार को संस्थान में प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि यह तकनीक पहले की तुलना में ज्यादा कुशल, तेज और नैतिक रूप से भी सुरक्षित है। पहले जहां एक मादा पशु से एक ही बछड़ा पैदा होता था, अब क्लोनिंग तकनीक से उसी मादा के अंडों से कई पशुओं को जन्म दिया जा सकता है। इतना ही नहीं, इस प्रक्रिया में समय भी काफी कम लगता है। जिस कार्य में सामान्य तौर पर 48 महीने लगते, उसे वैज्ञानिकों ने महज 36 से 38 महीने में ही पूरा कर दिखाया है।
मार्च 2023 में एनडीआरआई द्वारा विकसित की गई क्लोन गाय गंगा अब पूर्ण रूप से मैच्योर हो चुकी है। डॉ. धीर सिंह ने बताया कि हमने गंगा से अंडे लेकर उन्हें लैब में मेच्योर कर अन्य मादा पशुओं के गर्भ में प्रत्यारोपित किया था। इनमें से एक मादा ने हाल ही में एक स्वस्थ बछड़ी को जन्म दिया है। यह प्रजनन बिना किसी स्लॉटरिंग के संभव हुआ है, यानी अंडे जीवित गाय से ही लिए गए और प्रयोगशाला में परिपक्व कर उन्हें दूसरे पशुओं में डाला गया। इस बछड़ी का नामकरण अभी नहीं हुआ है, लेकिन संस्थान का कहना है कि जल्दी ही उसका नाम भी तय कर दिया जाएगा।

# नगर निगम कर्मचारी वेतन को तरसे, संघ बोला-हमारी बदौलत मिला पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रपति पुरस्कार पाने की ओर अग्रसर है, लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारी अपनी जून माह की सैलरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नगरपालिका सफाई कर्मचारी संघ हरियाणा ने 1180 कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।
संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि 14 जुलाई तक भी जून माह का वेतन रिलीज नहीं किया गया है। कर्मचारियों के घरों में राशन, बिजली बिल और बच्चों की फीस जैसे खर्चे लटके हुए हैं। उनका कहना है कि जो



कर्मचारी सुबह 4 बजे से रात तक शहर की सफाई में लगे रहते हैं, उन्हें ही समय पर वेतन नहीं मिल रहा।
कर्मचारियों को बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए मजबूर किया जा रहा है। संघ का कहना है कि जिन कर्मचारियों की मेहनत से निगम को राष्ट्रीय सम्मान मिलने जा रहा है, उन्हीं की मांगों की अनदेखी की जा रही है।
संघ का आरोप है कि बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगाने को लेकर पहले ही 29 जून को शहरी निकाय मंत्री से बातचीत हुई थी, जिसमें यह सहमति बनी थी कि सफाई कर्मचारी ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाएंगे। इसके बावजूद नगर निगम प्रशासन ने जबरदस्ती बायोमेट्रिक लागू करना शुरू कर दिया। कर्मचारियों के विरोध के बाद अब उनकी सैलरी रोक दी गई है, ताकि उन पर दबाव डाला जा सके। यह रवैया कर्मचारियों के साथ अन्याय है।
संघ पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि आज अगर सैलरी रिलीज नहीं की गई, तो मंगलवार से करनाल नगर निगम के 1180 सफाई कर्मचारी पूर्ण हड़ताल पर चले जाएंगे। इससे शहर की सफाई व्यवस्था ठप हो सकती है, जिसका सीधा असर आम जनता और नगर निगम की छवि पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समझना चाहिए कि राष्ट्रपति पुरस्कार इन कर्मचारियों की मेहनत से मिला है, सम्मान की असली हकदार ये लोग हैं, जिन्हें आज सैलरी के लिए सडकों पर उतरना पड़ रहा है।
संघ का कहना है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि निगम को देश में तीसरा और हरियाणा में पहला स्थान दिलाने वाले कर्मचारियों को अब अपनी मेहनत का मूल्य पाने के लिए धरना देना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी और सैलरी रिलीज नहीं की, तो हड़ताल का असर पूरे करनाल शहर में नजर आएगा, जिसकी जिम्मेदारी निगमायुक्त की होगी।

# व्हीकल चोरी गिरोह का पर्दाफाश- दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (शुभम खटक)**
दिनांक 13.07.2025 को चौकी सब्जी मंडी सिरसा के एएसआई जसवंत सिंह पुलिस टीम सहित खाजा खेड़ा रोड पर व्हीकल चैकिंग में मौजूद थे। इस दौरान मोटरसाइकिल लृफ24` 1576 लृऋपर सवार दो युवक संदिग्ध हालात में आए, जिन्हें रोका गया। पूछताछ पर उन्होंने मोटरसाइकिल के दस्तावेज पेश नहीं किए। सख्ती से पूछने पर उन्होंने खुलासा किया कि उक्त मोटरसाइकिल उन्होंने सिरसा शहर में प्राचीन हनुमान मंदिर रानियां रोड के सामने से चोरी



की थी।
प्रबंधक थाना शहर सिरसा उप नि0 निरीक्षक संदीप कुमार ने बतलाया कि आरोपियों की पहचान हनुमान पुत्र बृजलाल व दिनेश कुमार पुत्र देवानंद वासियान रावतसर के रूप में हुई है, । पूछताछ में दोनों ने संगठित वाहन चोरी गिरोह का हिस्सा होने की बात कबूली !व एक अन्य आरोपी अशोक बैनीवाल (सरदारपुरा )का नाम शामिल होने बारे स्वीकार किया है.! पुलिस ने मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया है। आगे की तफ्तीश में अन्य चोरीशुदा मोटरसाइकिलों की बरामदगी व अशोक बैनीवाल की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। दोनों आरोपियों को पेश अदालत करके पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त किया जायेगा! व आगामी कारवाई की जाएगी

## न्यूज फ्लैश

### बलदेव नगर में 15 जुलाई 2025 को किया जाएगा बिजली अदालत का आयोजन

**अंबाला:** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय नजदीक अजीत पेट्रोल पम्प, बलदेव नगर अम्बाला शहर में 15 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से सम्बन्धित शिकायत यहाँ रख सकता है।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण होगा आज

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनय कुमार गोयल करेंगे। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता वी.के. गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित केस न्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

### निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर करें आर्थिक मदद : सुनील कुमार

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र:** जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन और उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार सन्निहित सरोवर लेबर चौक, ब्रह्मसरोवर और चनारथल कालोनी में टीबी जागरूकता अभियान चलाया गया। टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में श्रमिकों और आमजन को टीबी के प्रति जागरूक किया गया।जिला रेडक्रास सचिव डॉ. सुनील कुमार ने आह्वान किया कि निक्षय मित्र बनकर आर्थिक रूप से कमजोर टीबी रोगियों को गोद लेने के लिए समाजसेवी संस्थाएं और गणमान्य लोग आगे आएं। उनकी प्रेरणा से दूसरे लोग भी निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर टीबी रोगियों के लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को निक्षय मित्र बनना चाहिए। निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी सक्षम व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, व्यापारी या संस्था टीबी मरीजों की मदद कर सकती है। समाज के सभी वर्ग के लोग आगे आ आकर निक्षय मित्र योजना के जरिए टीबी मरीजों को गोद लेकर उनको ठीक करने में हर संभव सहयोग कर रहे हैं जिससे टीबी मरीजों को जल्द ठीक होने में मदद मिलेगी।

# मानदेय अप्रेंटिसशिप डिग्री प्रोग्राम शुरू करने वाला कुवि बना पहला विवि

## रोजगार-उन्मुख शिक्षा के माध्यम से छात्रों को मिलेगा रोजगार: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**पहल**

स्नातक कार्यक्रमों के तहत छात्रों को अप्रेंटिस के माध्यम से रोजगार के विविध आयामीय अवसर मिलेंगे



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य में मानदेय अप्रेंटिसशिप डिग्री प्रोग्राम शुरू करने वाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (कुवि) पहला विश्वविद्यालय (विवि) है। रोजगार-उन्मुख शिक्षा के माध्यम से विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को कमेटी रूम में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) का पोस्टर जारी करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र के माध्यम से तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों के तहत छात्रों को अप्रेंटिस के माध्यम से रोजगार के विविध आयामीय अवसर मिलेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का उद्देश्य है कि छात्रों के अंदर रोजगार एवं एंटरप्रेन्योरशिप की भावना का जागृत करना। इन कोर्स के माध्यम से जहां छात्रों को एक ओर शैक्षणिक कौशल प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर एप्रेंटिसशिप के माध्यम से छात्र अपने कौशल के आधार पर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगे। इस मौके पर दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्रकी निदेशिका प्रो. मंजुला चौधरी ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय चार स्नातक कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत बी.कॉम. (व्यावसायिक), पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के अंतर्गत बीएमएस (इवेंट मैनेजमेंट), कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग के अंतर्गत सीआईटीएस रूप के सहयोग से बीसीए (उद्योग से जुड़ा), और आईआईएचएस में जैव रसायन विभाग के अंतर्गत बीएससी (मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी - एमएलटी) शामिल हैं। ये तीन वर्षीय, अभ्यास-उन्मुख कार्यक्रम हैं, जिनमें तीसरा वर्ष संबंधित उद्योगों में मानदेय के साथ छात्र अप्रेंटिसशिप करेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि किसी भी स्ट्रीम में 10+2 उत्तीर्ण करने वाले छात्र इन कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के पात्र हैं और एईडीपी प्रोग्राम के लिए सूचना पुस्तिका, ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रो. दिनेश कुमार, एईडीपी समन्वयक प्रो. मंजुला चौधरी,आईटी सेल के निदेशक प्रो. प्रदीप मित्तल, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. राकेश कुमार, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. अनिता दुआ, प्रो. महावीर नरवाल, प्रो. मोहिन्द्र चांद, डॉ. अंकुश अम्बरदार, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने किया शिवमंदिरों में जलाभिषेक



टीम एक्शन इंडिया
अनिल वर्मा

**थानेसर :** शिव भक्तों को सावन मास का विशेष इंतजार रहता है। सावन मास शुरू होते ही शिव मंदिर में भक्तों का तांता लग जाता है । एक तरफ जहां सड़कों पर कांवड़ियों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई देती हैं तो दूसरी तरफ मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ भी नजर आती है। महाभारत कालीन स्थानेश्वर महादेव मंदिर जो स्थाणु महादेव मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है वहां भी सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। भारी संख्या में भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाया और पुष्पांजलि भेंट कर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मंदिर प्रांगण में धूप- दीप प्रज्वलित कर भी अपनी आस्था प्रकट की।

मंदिर के महंत बंसी पुरी ने बताया कि भगवान शिव-शंकर की पूजा के लिए सावन मास का विशेष महत्व है। यह मास भगवान शिव को विशेष प्रिय है इसलिए पूरे महीने शिव की पूजा करने से शिव की अत्यधिक कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि चूंकि सोमवार भगवान शिव का दिन माना जाता है इसलिए इस दिन शिव भक्त विशेष रूप से शिव आराधना करते हैं और अपने पुण्य में वृद्धि करते हैं। उन्होंने बताया कि सावन मास शुरू होते ही सभी शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है और और हर तरफ हर- हर महादेव व बम भोले, बम भोले के नारों की गूंज सुनाई देती है।

सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव पर जलाभिषेक करने पहुंचे उत्थान सामाजिक संस्था के अध्यक्ष श्रद्धालु अनिल वर्मा ने बताया कि स्थानेश्वर महादेव मंदिर महाभारतकालीन मंदिर है और थानेसर नगर ही नहीं अपितु देश के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले श्रद्धालुओं की भी इस मंदिर में विशेष आस्था है ।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन ने जनता पब्लिक स्कूल में लगाया चिकित्सा शिविर

टीम एक्शन इंडिया



**रादौर, (कुलदीप सैनी) :** जनता पब्लिक स्कूल, अलाहर में नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान फाउंडेशन द्वारा भेजी गई मेडिकल वैन में विद्यार्थियों व अध्यापकों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां मौके पर ही नि:शुल्क वितरित की गई। स्कूल के अध्यक्ष मुकेश शास्त्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने बताया कि मेडिकल टीम ने सभी जरूरी टेस्ट बिना किसी शुल्क के किए और मरीजों को उपयुक्त दवाइयां भी नि:शुल्क दी गईं। शास्त्री ने कहा कि नवीन जिंदल समाजसेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी रहते हैं और इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर चिकित्सा टीम में डॉ. प्रमोद, नीरू, चेतन, और स्कूल स्टाफ सदस्य रूबी कंबोज, अखिल कंबोज, नेहा शर्मा, हिमांशु शर्मा, पूजा, शोभा, निशा आदि मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का यथा शीघ्र करें निपटान: एसडीएम

**शिविर**

समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का प्रयास करें



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला/बराड़ा:** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर लघु सचिवालय बराड़ा के सभागार में आयोजित किया जा रहा हैं। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि समाधान शिविर में आई सभी शिकायतों का मोके पर ही समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर जिला कष्ट निवारण समिति के मेंबर पवन गुप्ता, एसईपीओ सुभम पंचाल, बिजली बोर्ड से अनूप कुमार, सीडीपीओ किरण बाला सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गर्मी और मानसून में डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ा, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में

टीम एक्शन इंडिया

**इंद्री, 14 जुलाई ( मैनपाल कश्यप ):** गर्मी और मानसून के मिलते मौसम में जहां एक ओर उमस और नमी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर मच्छर जनित रोगों का खतरा भी तेजी से बढ़ने लगा है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के संभावित फैलाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और लोगों को इन बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



इंद्री के नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) डॉ. संदीप अब्रोल ने सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण करते हुए मरीजों से मुलाकात की और बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया। उन्होंने अस्पताल के सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी मरीज के इलाज में लापरवाही न बरती जाए। डॉ. अब्रोल ने बताया कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया मुख्यतः एडीज मच्छर के काटने से फैलते हैं, जो दिन के समय अधिक सक्रिय रहते हैं और साफ, ठहरे हुए पानी में पनपते हैं। यही कारण है कि गर्मी और बारिश के मौसम में कूलर, टंकियों, गमलों और अन्य बर्तनों में जमा पानी मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

**सावधानी बरतें**

क्षेत्र में 55 आशा वर्करों है ये टीमें घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही हैं

**घर-घर पहुंच रही आशा वर्कर टीमें**

विभाग की ओर से इस दिशा में सतर्कता बरतते हुए क्षेत्र में 55 आशा वर्करों है । ये टीमें घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही हैं और डेंगू व मलेरिया के संभावित मरीजों की पहचान के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी कर रही हैं। टीमें नागरिकों को यह भी बता रही हैं कि कैसे साफ-सफाई और छोटी सावधानियों से इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

# नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंबाला की हरनूर ने जीता गोल्ड

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला छावनी:** शाहपुर की रहने वाली 9वीं कक्षा की छात्रा ने रोहतक एनबीए में हुई छठी नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंबाला का नाम रोशन करते हुए 66 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। उनकी इस जीत पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है तो वहीं हरनूर के कोच संजय कुमार ने बताया कि हरनूर की कड़ी मेहनत के दम पर ही उसने यह मेडल हासिल करने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि अन्य युवाओं को भी चाहिए कि वह खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लें



और अंबाला व प्रदेश का नाम रोशन करें। हरनूर ने बताया कि वह जितना समय बॉक्सिंग के लिए देती हैं उतना ही समय अपनी पढ़ाई के लिए भी देती हैं। उन्होंने बताया कि मेरा सपना है कि मैं ओलंपिक में गोल्ड जीतना चाहती हूं, जिसके लिए मैं चाइना जाकर ट्रेनिंग करूंगी। हरनूर की माता जैसमीन बहगल ने बताया कि हम किसान परिवार से संबंधित हैं।

## कंड्रौली गांव में गई युवती लापता, केस दर्ज

**रादौर, 14 जुलाई (कुलदीप सैनी) :** अपने परिचित के घर कंड्रौली गांव गई युवती लापता हो गई। परिजनों ने तलाश की,लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। जिसके बाद शिकायत पुलिस को दी गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रतनगढ़ गांव निवासी महिला ने बताया कि वह मजदूरी करती है। उसके पास 6 बच्चे है। उसकी 36 वर्षीय छोटी बेटी रजनी 11 जुलाई को बुबका गांव निवासी संजय के साथ सुबह 11 बजे दलबीर निवासी कंड्रौली के घर गई थी। करीब 10-12 वर्ष से उनका दलबीर के घर आना-जाना है। संजय बेटी को छोड़ अपने काम पर चला गया।

# इंद्री पुलिस का नशा तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान

टीम एक्शन इंडिया

**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** इंद्री पुलिस ने नशा तस्करी और नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए एक व्यापक और सख्त अभियान की शुरूआत की है। पुलिस की ओर से नशा बेचने वाले तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, साथ ही हर गांव में मोहिज (स्थानीय) समितियां बनाई गई हैं, जो नशे के कारोबार की सूचना तत्काल पुलिस को देंगी। नशे के कारोबार से युवाओं का जीवन प्रभावित हो रहा है, और पुलिस ने इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। इस कदम से न केवल नशे के कारोबार में कमी आएगी, बल्कि



समाज में जागरूकता भी आएगी। जिससे नशे की रोकथाम में और अधिक सफलता मिल सकेगी। स्कूल और कालिजो में भी युवाओ को जागरूक किया जा रहा है। इंद्री के डीएसपी सतीश कुमार ने कहा कि पुलिस नशे के तस्करों के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है।

**सख्ती**

लोगों का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाए, ताकि लोग बेझिझक होकर पुलिस को सूचित कर सकें

पुलिस द्वारा गांव-गांव में जांच अभियान चलाए जा रहे हैं, और नशा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए नाका चेकिंग और गश्त की संख्या भी बढ़ाई गई है। उनका कहना है "हमारा लक्ष्य हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है, और इसके लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा की इस अभियान में स्थानीय नागरिकों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। गांवों में मोहिज समितियां गठित की गई हैं, जो नशे के कारोबार से जुड़ी किसी भी जानकारी को पुलिस तक पहुंचाएंगी। इस कदम से स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी और पुलिस को नशे के तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने ने कहा हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सूचना देने वाले लोगों का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाए, ताकि लोग नशे के कारोबार के खिलाफ बेझिझक होकर पुलिस को सूचित कर सकें। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति नशे के खिलाफ आवाज उठाए और इस अभियान को सफल बनाए।

# विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास का सशक्त मंच

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,:** जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का सशक्त मंच है। यदि हम बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हम उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ न्याय नहीं कर सकते। एनीमिया मुक्त भारत अभियान हो या सुरक्षित विद्यालय नीति, इन दोनों मिशनों को तभी सफलता मिलेगी जब प्रत्येक विद्यालय प्रमुख अपनी जिम्मेदारी को कर्मठता से निभाए।

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक



विद्यालय कुरुक्षेत्र स्थित केशव सदन में एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं सुरक्षित विद्यालय नीति पर केंद्रित एक विशेष कार्यशाला में बोल रहे थे। बैठक में कुरुक्षेत्र जिले के सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और उन्होंने विद्यालयों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी पहलों को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने सभी विद्यालय मुखियों से आग्रह किया कि वे एचबी टेस्टिंग, आयरन टेबलेट वितरण और सुरक्षा मानकों को पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता से लागू करें ताकि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य और सुरक्षा की दृष्टि से उपेक्षित न रहे। कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ. मनीषा व डॉ. प्रदीप कुमार नागर ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान की पृष्ठभूमि, वैज्ञानिक पहलू, क्रियान्वयन रणनीति एवं विद्यालयों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं सुरक्षित विद्यालय नीति पर डॉ. शीशपाल जांगड़ा, शेर सिंह एवं जोगिंदर दुल ने बाल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, इमरजेंसी रिस्पांस, संरचनात्मक सुरक्षा, मनोसामाजिक सहायता जैसे विषयों पर गहन विचार साझा किए। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि अपने अपने विद्यालय में आंवला तथा अमरूद के पौधे जरूर रोपित करें ताकि एनीमिया मुक्त भारत की अवधारणा को कुरुक्षेत्र जिले में एक जन-आंदोलन का रूप दिया जा सके।

इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी श्री इंदु कौशिक, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक, सतबीर कौशिक, राजेंद्र कुमार, अरुण गोयल सहित जिला शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों के प्राचार्य व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**शिक्षा पर बल**

विद्यालय में आंवला अमरूद के पौधे जरूर रोपित करें ताकि एनीमिया मुक्त भारत की अवधारणा को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सके

# आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से हो समाधान: अभिषेक

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर में आम नागरिकों द्वारा जो भी शिकायतें पहुंचती है संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करवाना सुनिश्चित करें। लोगो की समस्याओं के समाधान करने में किसी भी तरह की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही संबंधित विभाग के




अधिकारी को उनकी समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु आयोजित किए जा रहे हैं इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एक जगह मौजूद रहकर लोगो की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाते है। इन समाधान शिविरों को आमजन के लिए ओर प्रभावी व राहतकारी बनाने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है।

# पांची जाटान गांव नए ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलरों का विधायक ने किया उद्घाटन

## - गन्नौर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी : विधायक कादियान

**उद्घाटन**

▶▶ जनस्वास्थय विभाग द्वारा ट्यूबवेल व वाटर कूलर ग्राम पंचायत द्वारा लगवाया गया है।



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। पांची जाटान गांव में विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव के सरकारी स्कूल परिसर में नए ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलर का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। जनस्वास्थय विभाग द्वारा ट्यूबवेल व वाटर कूलर ग्राम पंचायत द्वारा लगवाया गया है। दोनों कार्यों पर करीब 30 लाख रुपए खर्च हुए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव में पीने के पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। पहले एक ट्यूबवेल लग चुका था। अब दूसरा लगने से समस्या खत्म होगी। दो आरओ वाटर कूलर लगने से लोगों को गर्मी में ठंडा और साफ पानी मिलेगा। यह सुविधा गांव के लिए बड़ी राहत है।

उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। शहर और गांव में बराबर विकास होगा। वे क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। गन्नौर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। आम जनता को साथ लेकर क्षेत्र में रचनात्मक और सुजनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी काम होंगे। इस मौके पर जेई प्रिंस, जेई मुकेश, सचिव नीरज, बबलू, मंगल, वेदपाल, धर्मबीर, आजाद सिंह, कृष्ण, किताब सिंह मौजूद रहे।

# संस्था सामाजिक कार्यों के साथ धार्मिक कार्यो में सक्रिय भूमिका निभा रही : कादियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। शिव पार्क में जन कल्याण के लिए हरियाणा पंजाबी संघ द्वारा सामूहिक हवन का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने व इंद्र देवता को प्रसन्न कर वर्षा की कामना को लेकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। पंजाबी संघ संस्था न केवल धार्मिक आयोजनों में, बल्कि समाजसेवा के विभिन्न कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। हरियाणा पंजाबी संघ के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जब मानव और प्रकृति के बीच संबंध मजबूत होते हैं, तो जीवन में संतुलन बना रहता है। इस मौके पर हरीश वधवा, अंकित मल्होत्रा, प्रीतम आहूजा, संजीव डावरा, दीपक बजाज, रमेश कुमार, एन डी खन्ना, सन्नी, रामलाल मनचंदा, जीत मुटरेजा, प्रवेश मदान, अशोक कोहली, नंद छाबड़ा, मुकेश छाबड़ा, सोहनलाल हसीजा ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर वर्षा और समृद्धि की कामना की। बाद में प्रसाद वितरण किया गया

## न्यूज फ्लैश

### इनेलो जिलाध्यक्ष जसवीर जस्सा ने घोषित की इनेलो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की डबवाली हलका कार्यकारिणी



**सिरसा(रणबीर खटक)**

इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने सोमवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल, रानियां के विधायक अर्जुन चौटाला, जिला परिषद सिरसा के चेयरमैन कर्ण सिंह चौटाला, इनेलो नेत्री कांता चौटाला, हरियाणा महिला प्रभारी सुनैना चौटाला व प्रदेश संयोजक जाहिद खान से विमर्श व सामान्य कार्यकारिणी के हलका संयोजक विनोद अरोड़ा, हलकाध्यक्ष मंदर सिंह सरां, जिला संयोजक मलकीत सिंह सरां व प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्ष परमिंद्र सिंह की उपस्थिति में इनेलो अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की डबवाली हलका कार्यकारिणी घोषित की। घोषित कार्यकारिणी में पूर्व सरपंच तेजा सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है जबकि सरपंच लक्ष्मण सिंह, गुलाब सिंह, जरनैल सिंह, बहादुर सिंह, जसवीर सिंह दले, पूर्व सरपंच रंजीत सिंह, गिरदौर सिंह, राजा सिंह नंबरदार, गुरमेल सिंह प्रधान, गुरजंट सिंह खालसा व रंजीत सिंह व दर्शन सिंह को उपप्रधान बनाया गया है। इसी प्रकार राजवंत सिंह सिद्धु को प्रधान महासचिव नियुक्त किया गया है जबकि सुखराज सिंह सरपंच, रूप सिंह, जगजीत सिंह नंबरदार, गुरमेल सिंह, दर्शन सिंह, जगसीर सिंह, पूर्व सरपंच मंजीत सिंह, सुखदेव सिंह सिद्धु, पूर्व सरपंच मिठु सिंह, मुख्तयार सिंह, पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह को महासचिव बनाया गया है। वहीं गुरतेज सिंह को संगठन सचिव, गुरचरण बराड़ को प्रचार सचिव, सुखराज सिंह बेनीवाल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं महेंद्र सिंह, गुरसेवक सिंह रहुल, गुरदीप सिंह, बलबीर सिंह, जसकरण सिंह सरपंच, जीता सिंह, राज सिंह, बोहड़ सिंह, कुलदीप सिंह को सचिव बनाया गया है। वहीं जग्गा सिंह, जगरूप सिंह मेंबर, बाबा बघेल सिंह, बलबीर सिंह, सिकंदर धारीवाल, कुलदीप सरां, विष्कर्म सिंह, राजेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह व हरबंस सिंह को प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है।

### रामेश्वर सैनी बने गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान, राकेश गर्ग उपप्रधान, सुरेंद्र जग्या को महासचिव बने



**गन्नौर**। शहर के दूकानदारों ने सर्वसम्मति से गन्नौर व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान दुकानदारों ने सर्वसम्मति से रामेश्वर उर्फ बिल्लू सैनी को प्रधान, राकेश गर्ग को उपप्रधान, सुरेंद्र जग्या को महासचिव, राजेश चौहान को कोषाध्यक्ष व नंद छाबड़ा को सलाहकार चुना गया। एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को देवेंद्र कादियान ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गन्नौर व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय शेखरचंद जैन ने अपने समय में सराहनीय काम किए। उन्होंने नए पदाधिकारियों से व्यापारियों के हित में काम करने की अपील की। गन्नौर व्यापार मंडल नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने आश्वासन दिया कि वे व्यापारी भाइयों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर उनके समाधान करने के हरसंभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर मनोनित पार्षद सुभाष सरोहा, मनिंदर सन्नी सहित अमित बत्रा, तरूण चुघ, प्रवेश मदान सहित अन्य मौजूद रहे।

# कार्यशाला में कौशल विकास, और मूल्य आधारित शिक्षा पर डाला प्रकाश



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर शिक्षकों में जागरूकता और समझ को बढ़ाने के उद्देश्य से हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन)डॉ गीतांजलि ग्रोवर और अनुराधा गौतम ने शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें एनईपी के उद्देश्यों, जैसे समग्र शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, बहुभाषिकता, कौशल विकास, और मूल्य आधारित शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। डॉ. गीतांजलि ग्रोवर और अनुराधा गौतम ने नीति के प्रमुख बिंदुओं को सरल भाषा में समझाया और इसके सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के बीच समूह चर्चा, गतिविधियाँ और प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक शैक्षणिक दस्तावेज नहीं है, यह भारत के भविष्य को गढ़ने की एक दूरदर्शी योजना है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय नागपाल, सुनील नागपाल भी मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में डी.ए.वी. गन्नौर ने हासिल किया तीसरा स्थान



**गन्नौर**। सी.बी.एस.ई द्वारा बी.एम हाई स्कूल,(सेक्टर 6)बहादुरगढ़ में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता (कलस्टर लेवल) में जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गन्नौर के अंडर 14 (लड़को) खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अनेक विद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें जयंती प्रसाद डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कोच संदीप के निर्देशन में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें इसी तरह आगे बढ़ते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। खेल शिक्षिका पूजा दिगानी एवं खेल शिक्षक अशोक ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# भाजपा की नई जिला टीम को बधाई देने का सिलसिला जारी

**पंचकूला: 14 जुलाई :मैनपाल**

भाजपा की नवगठित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिले और प्रदेश के तमाम राजनीतिक, गैर राजनीतिक व्यक्तियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बधाई एवं शुभकामना सन्देश देने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में बरवाला इकाई के वरिष्ठ भाजपा नेता देशराज पोसवाल, बलबीर शर्मा, महामंत्री दविन्द्र शर्मा, बृज भूषण एवं अन्य मंडल पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पंचकमल में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं नई टीम के गठन के लिए जिला अध्यक्ष अजय मित्तल को बधाई दी। इस मौके पर देशराज पोसवाल व अन्य नेताओ ने गत सप्ताह अखबार में छपी उस खबर का खंडन किया जिसमे कहा गया था की बरवाला ग्रामीण क्षेत्र के सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नवगठित जिला टीम की चयन प्रक्रिया से नाराज है। पोसवाल ने कहा, उन्हें एवं अन्य पदाधिकारियों को पार्टी की बरवाला इकाई की मासिक बैठक के लिए बुलाया गया था परन्तु कार्यकर्ताओ की राय लिए बगैर अखबारों में इस प्रकार की झूठी एवं भ्रामक खबर दे दी गयी। पोसवाल एवं अन्य नेताओ ने उक्त खबर का पुरजोर खंडन एवं कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा, पार्टी में रहकर पार्टी विरोधी प्रोपेगैंडा चलाना गलत है। भाजपा की नई टीम में हर वर्ग और क्षेत्र का विशेष ध्यान रखा गया है।

# तैराकों का ओपन स्टेट स्विमिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन, 11 पदक जीते

**राई**। बहादुरगढ़ में आयोजित ओपन स्टेट स्विमिंग टूनार्मेंट में स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 11 पदक अपने नाम किए। छात्रा शिवांशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण, एक रजत एवं एक कांस्य पदक जीतकर कुल चार पदक प्राप्त किए। वहीं श्रुति ने दो रजत पदक अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त आद्विक गुप्ता ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक प्राप्त किया। आयुष अंतिल ने दो रजत व एक कांस्य पदक जीतकर कुल तीन पदक अर्जित किए। विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रधानाचार्य रोहित पंडा ने सभी विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।




# हवन कर रहे लोगों को पीटने के मामले में नया मोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

पानीपत जिले के बापौली गांव में स्थित आर्य समाज मंदिर में हवन कर रहे लोगों को पीटने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस की मौजूदगी में लोगों पर हथियारों से हमला करने के मामले में गांव की सरपंच डिंपल के पति शिवकुमार समेत 5 लोगों पर केस दर्ज हुआ है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ इठर की धारा 191(2), 190, 115(2), 118(1), 351(3) और 126 (2) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# गन्नौर रॉयल्स ने यूनिक समर कप-3 का खिताब जीता, करनाल क्लब हराया




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। यूनिक क्रिकेट स्टेडियम, शेखपुरा गन्नौर में आयोजित यूनिक समर कप तीन का फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक अंदाज में खेला गया, जिसमें गन्नौर रॉयल्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए करनाल क्रिकेट क्लब को 25 रनों से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में टॉस करनाल क्लब ने जीता और पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। बल्लेबाज़ी करने उतरी गन्नौर रॉयल्स की टीम ने शानदार शुरूआत की। टीम की ओर से राजेश गोती ने संयमित और शानदार अंदाज़ में 51 गेंदों में 59 रन बनाए, वहीं लक्ष्य खोखर ने तूफानी अंदाज़ में मात्र 8 गेंदों में 27 रन की तेज़ पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। पूरी टीम ने निर्धारित ओवरों में 146 रन का लक्ष्य खड़ा किया। करनाल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाज़ी में गगनदीप और अर्जित चौहान ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट झटके। करनाल क्लब की टीम 112 रनों पर ही सिमट गई। टीम के लिए प्रदीप पुनिया ने संघर्ष करते हुए 33 गेंदों में 37 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज़ कुछ खास नहीं कर सके। गन्नौर रॉयल्स की ओर से जीतू खत्री ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 3 विकेट, जबकि मोनू और विकास गौरिया ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य खोखर, जिन्होंने 313 रन बनाए, को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब पंकज वर्मा को मिला, जबकि लोकेश कादियान को बेस्ट बॉलर ऑफ द टूनामेंट घोषित किया गया। समाजसेवी दीपक गोयल और विन्नी जी ने विजेता टीम के कप्तान विवेक गिल को विजयी ट्रॉफी प्रदान की। विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजय गोयल, गन्नौर रॉयल्स टीम के मेंटर दिनेश गौतम, सुरेश पंघाल मास्टर, श्रीकांत सरपंच, और सलीम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** इंडियन ऑयल की प्रमुख और सबसे बड़े एकीकृत पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 12 जुलाई 2025 को उत्साह और जोश के साथ अपना 27वां स्थापना दिवस मनाया।

इस शुभ अवसर पर जारी अपने संदेश मे श्री एम एल डहरीया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी ने अपने सभी सहयोगियों एवं उनके परिजनों को पीआरपीसी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

कार्यक्रम का आयोजन पानीपत रिफाइनरी के मुख्य कंट्रोल रूम में हुआ। श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने श्री अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप) मुख्य-महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारियों, अधिकारी संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीआरपीसी शपथ दिलाई। उन्होने इस शपथ के द्वारा पीआरपीसीएन्स से पीआरपीसी परिसर को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए समर्पण, दृढ़ता और जुनून के साथ अपना काम जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

इस शुभ अवसर पर, ए एस साहनी ,अध्यक्ष, इंडियन ऑयल और अरविंद कुमार निदेशक (रिफाइनरिज) एवं अतिरिक्त प्रभार निदेशक (पइपलाइन्स) ने पीआरपीसीएन्स को संदेश के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# चलो चार कदम, मिल जाएगा करनाल का अपना सिटी सेंटर




**टीम एक्शन इंडिया**

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। चलो घर से चार कदम दूर, मिल जाएगी दिल्ली और दिख जाएगा चंडीगढ़। अपनी पसंद की शॉपिंग करनी हो या लजीज फूड का जायका लेना हो तो कदम फिर भी चार ही चलने पड़ेंगे। यह भरोसा दिलाने आया है करनाल सिटी सेंटर। यह प्रोजैक्ट करनाल के लिए ऐतिहासिक होने के साथ ही अकल्पनीय भी होगा, क्योंकि आज तक करनाल जिले सहित पड़ोसी जिलों में भी ऐसा कोई प्रोजैक्ट नहीं आया है, जो इतनी भव्यता और विश्वसनीयता के साथ धरातल पर उतर रहा हो।

करनाल शहर का लाइफ स्टाइल लगातार 20 साल से बदलता जा रहा है। शहर ने सैक्टर 32-33 की आलीशान बसावत को देखा तो बढ़ते व्यापार को महसूस किया। इस बीच में कई बड़े रियल इस्टेट के प्रोजैक्ट आए।





### वर्षों से थी इस प्रोजैक्ट की दरकार

करनाल प्रोपर्टी डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रधान शैलेंद्र कत्याल ने कहा कि करनाल सिटी सेंटर का प्रोजेक्ट शहर की जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि इस समय करनाल के लोग अपनी उम्मीद अनुसार शॉपिंग करने के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पसंद करते हैं, लेकिन करनाल सिटी सेंटर अब लोगों को दिल्ली या चंडीगढ़ जाने के झंझट से मुक्ति दिला देगा।

रियल इस्टेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा करनाल सिटी सेंटर

पूर्व पार्षद एवं व्यवसायी वीर विक्रम कुमार ने कहा कि करनाल सिटी सेंटर प्रोजैक्ट पूरे उत्तर भारत में रियल इस्टेट कारोबार में मील का पत्थर साबित होगा, क्योंकि रियल इस्टेट कारोबार अपने अंदर कई ऑप्शन रखता है।

इन सभी ऑप्शन्स को करनाल सिटी सेंटर प्रोजैक्ट पूरा करता है। भविष्य को देखते हुए करनाल सिटी सेंटर इन्वेस्ट के हिसाब से सबसे बड़ा फायदेमंद सौदा है।

# 148वीं शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से वाहन चालकों को उठानी पड़ रहीं हैं परेशानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें-148बी सड़क पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने की वजह से रात्रि को हाईवें अंधेरे में डूब जाता हैं। इस वजह से शहरी क्षेत्र के हाईवें पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। यदि शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगा दी जाती तो लोगों को काफी हद तक रात में होने वाली परेशानी से निजात मिल सकती है।

बता दें कि एचएसआइआइडीसी की ओर से नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें-148बी सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुआ हैं। इस हाईवे से राजस्थान के कोटपुतली, जयपुर व हरियाणा के भिवानी, रोहतक, हिसार, चंडीगढ़ जैसे अनेक बड़े शहरों में जाने वाले हजारों राहगीर प्रतिदिन निकलते हैं। जिस कारण दिन और रात के समय हाईवे पर वाहन फरार्टा भरते हैं। रात में ट्रक, टैंकर, बस व गाड़ी समेत बड़े वाहनों का संचालन होने के कारण हाईवे पर व्यस्तता अधिक बढ़ जाती है। लोगों की मांगों को ध्यान में रखते सरकार ने दो वर्ष पहले हाईवे का निर्माण कार्य शुरू किया था।

अब निर्माण कार्य पूरा चुका हैं। सड़क निर्माण कंपनी द्वारा हाइवे पर डिवाइडर बनवाए गए हैं, लेकिन उसके बाद भी अभी तक हाईवे पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण दिन ढलते ही हाईवे पर अंधेरे छा जाता है। ऐसे में अंधेरे के चलते राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सिविल लाईन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने किया वार्ड का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने आज अपने वार्ड स्थित अलग-अलग जगहों पर दौरा किया। इस दौरान उनके साथ निगम के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।
क्षेत्र स्थित पंडित इंकलेव मुकुंदपुर पार्ट-2 में साफ-सफाई और एंक्रोचमेंट को लेकर राठौर ने क्षेत्र में निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया।
इस मौके पर राठौर ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से सड़कों पर कब्जा कर यातायात में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा इस तरह से क्षेत्र में अवैध कब्जों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसके लिए गुलाब सिंह राठौर ने संबंधित विभाग के आला-अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कार्यवाही करने को कहा है। इसके साथ ही पंडित इंकलेव पार्ट-2 में मच्छरों और डेंगू की रोकथाम के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डेंगू एंव मलेरिया विभाग के कर्मचारियों ने घर-घर जाकर पानी की टंकी, गमलों, कूलर, पक्षियों के पात्र में गंदे पानी और मच्छरो की आशंका के चलते जांच की और कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया।
इसके साथ ही नालियों में भी मच्छर मारने वाली दवाईका छिड़काव किया गया।

# पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर भाजपा की दोमुंही राजनीति उजागर: देवेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर भाजपा की दोहरी नीति एक बार फिर सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर कड़े कदम उठाने का दावा करती है और दूसरी ओर पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर विरोध का नाटक करती है। यदि भाजपा वास्तव में प्रतिबंध के खिलाफ है, तो वह सुप्रीम कोर्ट में जाकर पुनर्विचार याचिका क्यों नहीं दायर करती? देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा किसी की शुभचिंतक नहीं है। उसका एकमात्र उद्देश्य समाज में नफरत और भ्रम का जहर घोलना है ताकि उसकी नफरत की दुकान चलती रहे। सत्ता में रहते हुए सुप्रीम कोर्ट और पर्यावरण कानूनों की दुहाई देने



वाली भाजपा, विपक्ष में रहते ही तथाकथित हिंदू हितैषी बनने का ढोंग करने लगती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का केवल एक ही धर्म है, सत्ता की प्राप्ति के लिए समाज में नफरत फैलाना। दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर लोगों को यह कहकर भ्रमित किया गया कि यह प्रतिबंध धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है, लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा ने इस मुद्दे पर यू-टर्न ले लिया। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली में यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस कदम पहले से उठाए गए होते, तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। पहले केजरीवाल और अब भाजपा केवल दिखावटी प्रयासों तक सीमित रहे हैं। दोनों पार्टी प्रदूषण के असली स्त्रोतों पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में, जब महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है और आम आदमी के पास पटाखे जलाने के लिए पैसे ही नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करती है, लेकिन जनता को भाजपा जैसी दोमुंही राजनीति से सतर्क रहने की भी सलाह देती है।
देवेन्द्र यादव ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्षों में कई बार पटाखों पर प्रतिबंध के आदेश दिए, लेकिन उन आदेशों का जमीन पर असर तक दिखाई नहीं दिया।

# दिल्ली में गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट सुविधा प्रदान करने की सेवा शुरू

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए लिफ्ट सुविधा प्रदान करने की सेवा शुरू कर दी गई है। इस मौके पर अरदास कर-के सेवा की शुरूआत की गई। यह सेवा बाबा हरबंस सिंह जी कार सेवा की ओर से, बाबा बचन सिंह जी, बाबा सुरिंदर सिंह जी, बाबा सतनाम सिंह जी और साथियों की देखरेख में पूरी की जाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब वह स्थान है जहाँ गुरु तेग



बहादुर साहिब जी का अंतिम संस्कार किया गया था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक और पवित्र स्थल के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में संगत आती है। उन्होंने बताया कि बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य जरूरतमंद लोगों को, गुरु महाराज का स्थान ऊँचाई पर होने के कारण, सीढ़ियाँ चढ़ने में कठिनाई होती है। इस समस्या को देखते हुए हमने यह निर्णय लिया है कि संगत की सुविधा के लिए यहाँ लिफ्ट लगाई जाएगी।
उन्होंने कहा कि लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर से ही शुरू होगी, जिससे व्हीलचेयर पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि बाबा बचन सिंह जी की अगुवाई में यह सेवा जल्द से जल्द शुरू करने का कार्य आरंभ किया गया है। उन्होंने संगत से अपील की कि इस अमूल्य सेवा में वे बाबा जी को भरपूर सहयोग दें, ताकि यह कार्य शीघ्रता से पूरा किया जा सके।

# 'विधायक का बुराड़ी के विकास को लेकर नहीं है ध्यान, लोग है परेशान'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी में रहने वाले व सिविल लाइन जोन क्षेत्र से भाजपा के मनोनित निगम पार्षद संजय त्यागी ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार के शासन में समूची दिल्ली विकास की बांट ज्यो रही, तो वहीं विधायक संजीव झा ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र को पिछले 11 सालों से विकास को लेकर तरसाकर रख दिया है।
पिछले 11 सालों में बुराड़ी में एक नई ईंट तक विधायक द्वारा नहीं रखी गई है और जहां पर सड़क, सीवर आदि बनाने का काम किया गया तो उसमें भी



भ्रष्टाचार किया गया, जिससे कि कई जगह की सीवर लाइन तो बिछते ही टूटनी शुरू हो गई थी। तो वहीं झड़ौदा वार्ड की गलियों के निर्माण में भी मनाकों को ताक पर रखकर काम किया गया है, ठेकेदारों और विधायक की मिली-भगत से गली निर्माण में घटिया सामाग्री का इस्तेमाल किया गया है। त्यागी ने कहा कि विधायक ने क्षेत्र में विकास को लेकर बिल्कुल काम नहीं किया है, जिसके चलते क्षेत्र के लोग सालों से परेशान है और विधायक साहब चुनाव जीतने के बाद से ही क्षेत्र में मिस्टर इंडिया की तरह गायब हो गए। इसके साथ ही संजय त्यागी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के बाद से बुराड़ी के लोगों को अब बुराड़ी के विकास होने की कुछ हद तक उम्मीदें जागने लगी है।

# भाजपा देश के युवा प्रतिभा को देगी डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा 27 जुलाई को भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 10 पुण्यतिथि पर देशभर में अभियान चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा कलाम को सलाम अभियान के तहत ऐसे अल्पसंख्यक युवाओं को "डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0" प्रदान करेगा, जिन्होंने अपने नवाचार, असाधारण कौशल और उद्यमशीलता की भावना से स्वयं का उद्यम प्रारम्भ कर समाज में प्रेरक उदहारण प्रस्तुत किया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने सोमवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देश के विकास में डॉ. कलाम के योगदान को सलाम करना और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना है। भाजपा उन सबको महत्व देती है जिन्होंने धर्म और जाति से ऊपर उठकर राष्ट्र को मजबूत करने में मदद की है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक युवा प्रतिभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अलग पहचान देंगे।
अल्पसंख्यक मोर्चा की वेबसाइट पर उपलब्ध वेबपेज के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के युवा उद्यमी "डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0" के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# दिल्ली ने भारतीय जनता पार्टी के राज में पकड़ी विकास की गति: हरीश असड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन में रहने वाले व चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी ने कहा कि धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते है। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया सकता है। उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसके साथ ही असडी ने कहा कि इसी सिद्धांत



पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता के बजाय सेवा का माध्यम माना है।
**कांग्रेस और आप सरकार ने राजनीति को बनाया था ठगी का जरिया:** हरीश असड़ी ने कहा कि कांग्रेस ने दीमक की तरह भारत को अंदर से खोखला कर दिया था, उसके बाद जो देश को भ्रष्टाचार से खोखला करने की बची कूची कसर थी वह कसर भी केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने पूरे 11 साल तक लूटकर पूरी कर ली। लेकिन दिल्ली की जनता ने उनको सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर दिल्ली की सत्ता छिनकर उनको बाहर का रास्ता दिखा दिया। लेकिन जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से दिल्ली में विकास निरंतर रूप से हो रहा है, हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ सरकार ने दिया है और दिल्ली की रेखा सरकार दिल्ली के अंतिम व्यक्ति का भी अच्छे से ध्यान रख रही है।

# लोक लेखा समिति के अध्ययन दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल से मिले विजेन्द्र गुप्ता





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** "पीएसी और सीएजी सरकार के लिए एक अलार्म की तरह काम करती हैं, जिनका उद्देश्य सरकार को कार्रवाई के लिए प्रेरित करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, "यह बात आज दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मेघालय विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों से मुलाकात के दौरान विधान सभा परिसर में कही। यह प्रतिनिधिमंडल 12 से 14 जुलाई 2025 तक हैदराबाद, विशाखापत्तनम और दिल्ली के अध्ययन दौरे पर है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए अंतर-विधायी संवाद और ज्ञान साझाकरण के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।
प्रतिनिधिमंडल में चार्ल्स पायंगरॉप (विधायक, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष एवं मेघालय विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष), लाहकमें रिंबुई (विधायक एवं सदस्य), गेविन मिगुएल मायलियेम (विधायक एवं सदस्य), रूपर्ट मोमिन (विधायक एवं सदस्य), रूपा एम. मारक (विधायक एवं सदस्य), सेंगचिम एन. संगमा (विधायक एवं सदस्य), जिमी डी. संगमा (विधायक एवं सदस्य), इयान बोथम के. संगमा (विधायक एवं सदस्य), एवं बालाजिएद कूपर सिनरेम (विधायक एवं सदस्य) शामिल थे। जिनका उद्देश्य अन्य राज्य विधानमंडलों के साथ विचारों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना था। दिल्ली विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और लोक लेखा समिति के सभापति अजय महावर भी बैठक में उपस्थित थे।
इस अवसर पर गुप्ता ने मेघालय की जनसंख्यिकी और लोक लेखा समिति की संरचना के बारे में जानकारी ली।

# सभी विभागों में सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जा रहा है: मनजिंदर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एक और चुनावी वादा पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से जुड़ा एक ऐतिहासिक सुधार लागू किया है, जिससे ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज को डीपीसीसी से मिलने वाले अप्रूवल में होने वाली देरी अब खत्म हो जाएगी। अगस्त 2025 से, ऐसी इंडस्ट्रीज के कंसेंट टू ऑपरेट के आवेदन अगर 20 दिनों के भीतर प्रोसेस नहीं होते, तो उन्हें अपने आप अप्रूव्ड माना जाएगा। पहले यह समय-सीमा 120 दिन थी। इस फैसले की घोषणा करते हुए पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह दिल्ली के व्यापारियों की लंबे



समय से चली आ रही मांग थी। मैं इस सुधार को लागू करने में सहयोग देने के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और हमारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। डबल इंजन सरकार ने वो कर दिखाया जो 50 सालों में नहीं हुआ। यह सिर्फ रिफॉर्म नहीं, बल्कि दिल्ली की उद्योग नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव है। उन्होंने आगे कहा कि यह दिल्ली के उद्यमियों और उद्योग जगत को साफ संदेश है कि दिल्ली ज़िम्मेदार व्यापार के लिए तैयार है। हम पुराने लाइसेंस सिस्टम की उलझनों को खत्म कर रहे हैं। यही है मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली का मॉडल जनता के लिए, विकास के लिए और तेज फैसलों के लिए। यह सुधार 65 से अधिक ग्रीन कैटेगरी इंडस्ट्रीज को सीधा फायदा देगा। जो कम प्रदूषण फैलाने वाले और लो-रिस्क सेक्टर माने जाते हैं। इनमें शामिल हैं। रेडीमेड गारमेंट्स (बिना डाई या ब्लीचिंग के) ऐलुमिनियम और पीवीसी यूनिट्स, बॉयलर के बिना आयुर्वेदिक दवाइयाँ, कोल्ड स्टोरेज, लकड़ी और स्टील के फर्नीचर, इलेक्ट्रिक ओवन वाली कन्फेक्शनरी यूनिट्स, ऑप्टिकल प्रोडक्ट्स, खिलौने, साबुन और डिटर्जेंट, बैटरी कंटेनर, कार्डबोर्ड और पैकेजिंग मैन्युफैक्चरिंग आदि।





अशोक विहार फेस-3 में वन महोत्सव के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

# संसद के मॉनसून सत्र में पेश होगा नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल: खेल मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल को संसद के आगामी मॉनसून सत्र में पेश किया जाएगा। मंडाविया ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया को उक्त जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भारत में होने वाले बहुपक्षीय टूनार्मेंट्स में हिस्सा लेने से नहीं रोका जाएगा।

**क्या है नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल का उद्देश्य**

यह बिल देश के खेल प्रशासन में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने के मकसद से लाया जा रहा है। इसके तहत एक नियामक बोर्ड का गठन प्रस्तावित है, जो राष्ट्रीय खेल महासंघों को मान्यता देने और फंड जारी करने जैसे अधिकार रखेगा। यह बोर्ड सुनिश्चित करेगा कि सभी खेल संगठनों में उच्च स्तर की प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानक अपनाए जाएं। साथ ही, प्रस्तावित बिल में एथिक्स कमिशन और विवाद निवारण आयोग की स्थापना का भी जिक्र है, ताकि खेलों में पारदर्शिता बनी रहे। हालांकि, इस प्रस्ताव का कुछ खेल संस्थाओं, विशेषकर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा विरोध भी किया गया है। आईओएका मानना है कि एक नियामक बोर्ड की मौजूदगी उसकी स्वायत्तता को प्रभावित कर सकती है।



**पाकिस्तानी खिलाड़ियों को टूनार्मेंट्स में हिस्सा लेने की अनुमति**

मंडाविया ने कहा कि भारत सरकार का रुख स्पष्ट है– पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखलाएं भले न हों, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय टूनार्मेंट्स में उनके खिलाड़ियों की भागीदारी पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लचाहे क्रिकेट हो, हॉकी या कोई और खेल झ्र अगर टूनार्मेंट बहुपक्षीय है, तो पाकिस्तान की भागीदारी पर कोई रोक नहीं होगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत में आयोजित होने वाले दो अहम टूनार्मेंट्स-एशिया कप हॉकी टूनार्मेंट (राजगीर, 27 अगस्त झ्र 7 सितंबर) और एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप (तमिलनाडु, 28 नवंबर झ्र 10 दिसंबर) – में हिस्सा लेने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी मांगी है। हालांकि अब तक स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान सरकार ने इसकी इजाजत दी है या नहीं।

**ओलंपिक चार्टर के अनुसार लिया गया निर्णय**

खेल मंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा देने का निर्णय ओलंपिक चार्टर के अनुरूप है, जो राजनीतिक कारणों से किसी देश की भागीदारी से इनकार करने पर रोक लगाता है।

ऐसा करना आयोजनकर्ता देश के भविष्य में अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट्स की मेजबानी के अधिकार को खतरे में डाल सकता है। गौरतलब है कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों और 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की दौड़ में शामिल है।

# लॉर्ड्स टेस्ट में गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, द्रविड़-कोहली को पीछे छोड़ा

**रिकॉर्ड्**

इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। राहुल और विराट को पीछे छोड़ दिया



**लंदन**

भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने राहुल द्रविड़ और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया है। फिलहाल भारत की दूसरी पारी जारी है।

**गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि**

शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट की दोनों पारियों में क्रमशः 16 और छह रन बनाए। इसी के साथ उनके एक सीरीज में 607 रन हो गए। इस मैच से पहले गिल ने चार पारियों में 585 रन बना लिए थे। अब वह इंग्लैंड में एक ही सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2002 में छह पारियों में 602 रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने 10 पारियों में 593 रन बनाए थे। अब गिल ने उन्हें पीछे छोड़ दिया है।

एजबेस्टन टेस्ट में गिल ने तोड़ा 54 साल पुराना रिकॉर्ड

गिल इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने दूसरी पारी में भी अपना दम दिखाया है। एजबेस्ट टेस्ट की दोनों पारियों में गिल ने धमाल मचाया। पहली पारी में उन्होंने दोहरा शतक लगाया और दूसरी पारी में एक और शतक पूरा किया। इस कारनामे के साथ उन्होंने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह सुनील गावस्कर के बाद भारत के दूसरे और ओवरऑल नौवें बल्लेबाज हैं जिन्होंने टेस्ट एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शतक लगाया है। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 1971 में पहली पारी में शतक लगाया था, जबकि दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाने में सफल रहे थे। गिल इस तरह 54 साल बाद भारत के दूसरे बल्लेबाज बने हैं जिन्होंने किसी टेस्ट मैच में यह उपलब्धि अपने नाम की है।

# यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने चार में से तीन मुकाबले जीते

**नई दिल्ली।** यूरोपीय दौरे पर गई इंडिया 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरूआत करते हुए अब तक खेले गए चार में से तीन मुकाबले जीत लिए हैं। कप्तान संजय की अगुवाई में टीम ने आक्रामकता और अनुशासन का बेहतरीन मिश्रण दिखाया है। अब टीम की नजर दौरे के अगले चरण में इंग्लैंड, बेल्जियम और नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ निरंतरता बनाए रखने पर है। टीम ने आयरलैंड और फ्रांस के खिलाफ बेहतरीन जीत दर्ज की और अब आने वाले कड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है। टीम के प्रदर्शन पर कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा,"यूरोपीय दौरे की शुरूआत बेहतरीन रही है। खिलाड़ियों ने जोश और समझदारी के साथ प्रदर्शन किया है। अभी तक नीदरलैंड्स में खेलने का अनुभव सकारात्मक रहा है और हम पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि यही प्रदर्शन जारी रहे।"



उन्होंने कहा, "हमारी ट्रेनिंग योजनाएं और प्लेयर कॉम्बिनेशन मैदान पर काम कर रहे हैं, जिससे टीम को आत्मविश्वास मिला है। खिलाड़ी रणनीति को अच्छी तरह लागू कर रहे हैं और परिपक्वता दिखा रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले मुकाबलों में भी वे यही तीव्रता बनाए रखेंगे।" कप्तान संजय ने भी टीम की तैयारी पर विश्वास जताते हुए कहा, "हम इस दौरे में अच्छा कर रहे हैं और हर मैच को एक सीख के रूप में ले रहे हैं। हमारा फोकस एक-एक मैच पर है और हम हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं।"

उन्होंने आगे कहा,"अब तक के नतीजे सकारात्मक रहे हैं, लेकिन उससे भी जरूरी यह है कि हम अपनी रणनीति को लागू कर पाए हैं और आक्रामक हॉकी खेली है। आगे कुछ चुनौतीपूर्ण मुकाबले हैं, ऐसे में निरंतरता बनाए रखना सबसे अहम होगा।" इस दौरे का मकसद युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव और एक्सपोजर देना है, जो भविष्य में सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ी माने जा रहे हैं। टीम अपना अगला मुकाबला मंगलवार को नीदरलैंड्स के अम्स्टलवीन स्थित वागनर स्टेडियम में शाम 5:30 बजे (भारतीय समयानुसार) इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी।

# मार्क ने जीता जर्मन मोटोजीपी, एलेक्स पर चैंपियनशिप बढ़त को किया और मजबूत

**सैक्सनरिंग।** डुकाटी राइडर मार्क मार्केज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उन्हें किंग ऑफ सैक्सनरिंग क्यों कहा जाता है। अपने 200वें मोटोजीपी रेस में हिस्सा लेते हुए मार्केज ने रविवार को जर्मन ग्रां प्री का खिताब जीत लिया। यह एक ऐसी रेस थी, जो अंत तक सिर्फ 10 राइडर्स के पूरा कर पाने के चलते "सर्वाइवल टेस्ट" बन गई। यह सैक्सनरिंग पर मार्क की नौवीं मोटोजीपी जीत थी, जिसके साथ ही उन्होंने अपने भाई एलेक्स मार्केज पर चैंपियनशिप की बढ़त को 83 अंकों तक पहुंचा दिया। एलेक्स ने दूसरी पोजिशन हासिल की, जबकि मार्क के डुकाटी टीममेट फ्रांसेस्को बगनैया तीसरे स्थान पर रहे और अब वह चैंपियनशिप में 147 अंक पीछे हैं। एलेक्स ने इस रेस में पांचवीं ग्रिड पोजिशन से शुरूआत की थी और यह उनका 100वां मोटोजीपी रेस था। खास बात यह रही कि वह अभी भी डच ग्रां प्री में हाथ में आई फ्रैक्चर और सर्जरी से उबर ही रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। रेस के दौरान कई राइडर्स पहले मोड़ (टर्न-1) पर क्रैश हुए, जिनमें वीआर46 रेसिंग के फाबियो डी जियानन्तोनियो और एप्रिलिया के मार्को बेजेकी जैसे दावेदार शामिल थे, जो उस समय दूसरे स्थान पर चल रहे थे। हालांकि दिन पूरी तरह मार्क मार्केज के नाम रहा।



# जापान ओपन बैडमिंटन: सात्विक–चिराग खिताब की तलाश में सिंधु और लक्ष्य को

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान ओपन सुपर 750 टूनार्मेंट में खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट में उतरेंगे। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट मंगलवार से जापान में शुरू हो रहा है, जहां भारतीय दल को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। वर्तमान में दुनिया की नंबर 15 रैंकिंग पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन में तीन सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनाई थी। हालांकि, जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल के बाद सात्विक की सेहत और चिराग की पीठ की चोट के कारण उन्हें कुछ सप्ताह खेल से दूर रहना पड़ा। अब पूरी तरह फिट होकर लौटे इस जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया। टूनार्मेंट की शुरूआत में उनका मुकाबला कोरिया के कांग मिन ह्यूक और की डोंग जू की जोड़ी से होगा।

**सिंधु और लक्ष्य की वापसी पर टिकी निगाहें :** एकल वर्ग में भारत की पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भी टूनार्मेंट में उतर रहे हैं और दोनों के लिए यह टूनार्मेंट फॉर्म में वापसी का मौका है। लक्ष्य सेन, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर हैं, इस वर्ष कई बार पहले ही दौर में हार का सामना कर चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल तक का रहा है। पीठ की चोट से परेशान रहने के बावजूद उन्होंने इंडोनेशिया में शी यु ची के खिलाफ कड़े मुकाबले में अच्छी फॉर्म के संकेत दिए। वह अपने अभियान की शुरूआत चीन के वांग झेंग ज़िंग के खिलाफ करेंगे। वहीं, पीवी सिंधु के लिए 2025 अब तक चुनौतीपूर्ण रहा है। वह चार बार पहले दौर और तीन बार दूसरे दौर में हार चुकी हैं। भारत ओपन में जनवरी में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना उनका इस साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद सिंधु पिछले छह महीनों से इंडोनेशियाई कोच इरवान्स्या आदि प्रतामा की देखरेख में ट्रेनिंग कर रही हैं। वह टूनार्मेंट में कोरिया की सिम यू जिन के खिलाफ उतरेंगी।



**अन्य भारतीय खिलाड़ियों का भी दिखेगा दम**

भारत की युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, जिन्होंने इस साल ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, जापान ओपन के पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। अनुपमा उपाध्याय का मुकाबला पहले दौर में भारत की ही रक्षिता रामराज से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन अमसाकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की जोड़ी कोरिया के तीसरी वरीय किम वोन हो और सियो सेउंग जे के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। महिला युगल में भारत की ओर से कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी और पांडा बहनें -रुतपर्णा और स्वेतपर्णा भी चुनौती पेश करेंगी।

# भारतीय धाविका याराजी की हुई एसीएल सर्जरी

**नई दिल्ली:** भारतीय एथलेटिक्स की स्टार और 100 मीटर हर्डल्स की एशियाई चैम्पियन ज्योति याराजी ने अपने दाएं घुटने में एंटीरियर क्रूशिएट लिगामेंट (एसीएल) की चोट के चलते सर्जरी करवाई है। इस बात की पुष्टि खुद याराजी ने रविवार को इंस्टाग्राम के जरिए की। याराजी को यह चोट एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी थी।

**प्रशिक्षण**

याराजी ने रविवार को इंस्टाग्राम के जरिए की। याराजी को यह चोट एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी थी

उन्होंने इंस्टाग्राम पर जानकारी साझा करते हुए कहा, "मैं यह बताते हुए खुश हूं कि शुक्रवार को मैंने डॉ. दिनशॉ परडीवाला के साथ सफलतापूर्वक अपने दाएं घुटने की एसीएल सर्जरी करवाई।" उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए काफी मुश्किल रहे हैं, क्योंकि यह चोट मुझे उस चीज से दूर कर रही है जिसे मैं सबसे ज्यादा पसंद करती हूं।

# जापान ओपन बैडमिंटन: सात्विक–चिराग खिताब की तलाश में

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जापान ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट में उतरेंगे। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से जापान में शुरू हो रहा है, जहां भारतीय दल को इन खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। वर्तमान में दुनिया की नंबर 15 रैंकिंग पर काबिज सात्विक-चिराग की जोड़ी इस सीजन में तीन सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टरफाइनल में भी जगह बनाई थी। हालांकि, जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल के बाद सात्विक की सेहत और चिराग की पीठ की चोट के कारण उन्हें कुछ सप्ताह खेल से दूर रहना पड़ा। अब पूरी तरह फिट होकर लौटे इस जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में सेमीफाइनल और इंडोनेशिया में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया। टूर्नामेंट की शुरूआत में उनका मुकाबला कोरिया के कांग मिन ह्यूक और की डोंग जू की जोड़ी से होगा।



**सिंधु और लक्ष्य की वापसी पर टिकी निगाहें**

एकल वर्ग में भारत की पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन भी टूर्नामेंट में उतर रहे हैं और दोनों के लिए यह टूर्नामेंट फॉर्म में वापसी का मौका है। लक्ष्य सेन, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर हैं, इस वर्ष कई बार पहले ही दौर में हार का सामना कर चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल तक का रहा है। पीठ की चोट से परेशान रहने के बावजूद उन्होंने इंडोनेशिया में शी यु ची के खिलाफ कड़े मुकाबले में अच्छी फॉर्म के संकेत दिए।

# चेल्सी ने पीएसजी को हराकर जीता फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025

**ईस्ट रदरफोर्ड।** कोल पामर के दो गोल और एक शानदार असिस्ट की बदौलत चेल्सी ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर नया इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब 32 टीमों के इस नए प्रारूप में क्लब वर्ल्ड कप खेला गया और चेल्सी इसका पहला विजेता बना। यूईएफए चैंपियंस लीग जीतने के बाद अमेरिका पहुंची पीएसजी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी, खासकर सेमीफाइनल में रियल मैड्रिड को 4-0 से हराने के बाद। लेकिन फाइनल में चेल्सी ने पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली, जिससे मैच पूरी तरह एकतरफा हो गया।

**पहले हाफ में ही निपटा दिया मुकाबला**

मैच के 22वें मिनट में मॉलो गुस्टो की सहायता से कोल पामर ने पहला गोल किया। 30वें मिनट में पामर ने एक बार फिर गेंद को गोल में डालकर स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 43वें मिनट में पामर ने शानदार पास देकर जोआओ पेड्रो को गोल कराया और स्कोर 3-0 कर दिया। जोआओ पेड्रो, जिन्हें टूर्नामेंट के दौरान ब्राइटन से साइन किया गया था, सेमीफाइनल में भी फ्लुमिनेंस के खिलाफ दो गोल कर चुके थे। फाइनल में उन्होंने भी अपनी चमक बिखेरी।

**पीएसजी पूरी तरह फेल, नेवेस को लाल कार्ड**

पीएसजी की टीम, जो इससे पहले अपने पिछले आठ मैचों में सिर्फ एक गोल खा चुकी थी, चेल्सी के सामने पूरी तरह बिखर गई। मैच के अंत में जोआओ नेवेस को मार्क कुकुरेला के बाल खींचने पर वीएआर रिव्यू के बाद लाल कार्ड दिखाया गया।



**ऐतिहासिक जीत, 125 मिलियन डॉलर की इनामी राशि**

यह जीत चेल्सी के लिए बेहद खास रही, क्योंकि इस सीजन में उसने यूईएफए कांफ्रेंस लीग भी जीती और प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही। क्लब को इस जीत के साथ करीब 125 मिलियन अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि भी मिलेगी।

**ट्रम्प की मौजूदगी और सुपर बाउल जैसा माहौल**

81,118 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए इस मुकाबले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प भी मौजूद रहे। फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो का आयोजन किया गया, जिसने मुकाबले को सुपर बाउल जैसा अनुभव दिया। भले ही पीएसजी इस खिताब को नहीं जीत पाई, लेकिन चैंपियंस लीग और फ्रेंच लीग-कप डबल जीतना उसके सीजन की बड़ी उपलब्धि रही। अब लुइस एनरिक की टीम एक महीने के विश्राम के बाद यूईएफए सुपर कप में टोटनहम हॉटस्पर के खिलाफ भिड़ेगी।

# फिडे महिला वर्ल्ड कप: दिव्या और हम्पी प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**नई दिल्ली।** भारत की युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने क्रोएशिया की तियोदोरा इंजैक को हराकर चल रहे फिडे महिला वर्ल्ड कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। हुए मुकाबले में दिव्या ने पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए इंजैक को पराजित किया। इसके बाद दूसरा गेम ड्रॉ रहा, जिससे उन्हें तीसरे राउंड में जीत हासिल हुई और अगले दौर का टिकट मिला। दिव्या के बाद सीनियर भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने भी प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने पोलैंड की क्लाउडिया कुलॉन को हराया। हम्पी का पहला गेम ड्रॉ रहा, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने काले मोहरों से बाजी मार ली। वहीं, भारत की तीन अन्य प्रतिभागी – वंतिका अग्रवाल, आर. वैषाली, और हरिका द्रोणावल्ली – भी तीसरे राउंड में मुकाबले खेल चुकी हैं, लेकिन उनके सभी गेम ड्रॉ रहे हैं। अब सबकी निगाहें अगले दौर पर टिकी हैं, जहां भारतीय शतरंज खिलाड़ी एक और मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी।







## रहस्यमय सौंदर्य की भूमि हैं सिक्किम की वादियां

हिमालय की गोद में बसे सिक्किम राज्य को प्रकृति के रहस्यमय सौंदर्य की भूमि या फूलों का प्रदेश कहना गलत नहीं होगा। वास्तव में यहां के नैसर्गिक सौंदर्य में जो आकर्षण है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। नदियां, झीलें, बौद्ध मठ और स्तूप तथा हिमालय के बेहद लुभावने दृश्यों को देखने के अनेक स्थान, ये सभी हर प्रकृतिप्रेमी को बाहें फैलाए आमंत्रित करते हैं। विश्व की तीसरी सबसे ऊंची पर्वतचोटी कंचनजंगा (28156 फुट) यहां की सुंदरता में चार चांद लगाती है। सूर्य की सुनहली किरणों की आभा में नई-नवेली दुलहन की तरह दिखने वाली इस चोटी के हर क्षण बदलते मोहक दृश्य सुंदरता की नई-नई परिभाषाएं गढ़ते हुए से लगते हैं। मनुष्य की कल्पनाओं का सागर यहां हिलोरें मारने लगता है।

### कैसे पहुंचें

पृथ्वी की भौगोलिक असमानताओं में बिखरे प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय पक्ष सिक्किम राज्य सड़क, रेल तथा हवाई मार्गों के जरिये देश के विभिन्न महानगरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उत्तरी बंगाल में बागडोगरा हवाई अड्डा राजधानी गंगटोक के सबसे समीप है। हवाई अड्डे से 124 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से लगभग चार घंटों में तय हो जाती है। बागडोगरा विमान पत्तन कोलकाता, गुवाहाटी और नई दिल्ली से इंडियन एयरलाइंस और दूसरी एयरलाइनों की उड़ानों से जुड़ा हुआ है। सिक्किम पर्यटन विभाग का पांच सीटों वाला हेलीकॉप्टर बागडोगरा और गंगटोक के बीच प्रतिदिन हवाई सेवा प्रदान करता है। रेलमार्ग पर सबसे समीप दो स्टेशन सिलीगुड़ी तथा न्यू जलपाईगुड़ी हैं। गंगटोक से इनकी दूरी क्रमश: 114 व 125 किलोमीटर है।

### परमिट की जरूरत

सीमांत प्रदेश होने के कारण विदेशी नागरिकों को यहां आने के लिए इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लेना होता है। यह परमिट उन्हें भारत में प्रवेश हेतु मिले वीजा के आधार पर मिल जाता है। भारतीय दूतावासों तथा देश में पर्यटन कार्यालयों से या सिक्किम पहुंच कर भी यह परमिट प्राप्त किया जा सकता है, जिसकी अवधि 15 दिन होती है। यह अवधि बढ़वाई भी जा सकती है।

### मौसम एवं तापमान

ग्रीष्म ऋतु में गंगटोक का तापमान अधिकतम 21 डिग्री तथा न्यूनतम 13 डिग्री सेंटीग्रेड होता है तथा शरद ऋतु में अधिकतम 13 डिग्री तथा न्यूनतम 05.3 डिग्री सेंटीग्रेड। विश्व में सबसे अधिक वर्षा चेरापूंजी में होती है। यह स्थान सिक्किम से अधिक दूर नहीं है। अत: राज्य में भ्रमण के लिए सबसे उत्तम समय मार्च से जून तक तथा अक्टूबर से दिसंबर तक है। गंगटोक में प्रतिवर्ष औसतन वर्षा 3894 मिलीमीटर होती है। 15 साल के अंतराल के बाद गत फरवरी मास में यहां बर्फबारी हुई है।

### जीवंत वातावरण

भारत के उत्तर-पूर्व और पूर्व में फैले इस राज्य का क्षेत्रफल 7096 वर्ग किलोमीटर है और जनसंख्या लगभग पांच लाख। चीन के अधीनस्थ तिब्बत से व्यापारिक संबंधों के समय व्यावसायिक महत्व का स्थान रहा गंगटोक आज के सिक्किम की राजधानी है। इस शहर की स्थापना 19वीं शताब्दी के मध्य में हुई थी। इससे पहले राज्य के पश्चिमी भाग में युकसम और इसके बाद राबडेंसे नामक स्थानों को सिक्किम की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, हनीमून मनाने वाले जोड़ों तथा राज्य के सुदूर क्षेत्रों में ट्रेकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की आवाजाही गंगटोक के वातावरण को हमेशा जीवंत बनाए रखती है।

पर्यटन की दृष्टि से सुविधापूर्वक सिक्किम दर्शन के लिए राज्य को चार भागों में बांटा जा सकता है। सबसे पहले पूर्व में गंगटोक तथा इसके आसपास कई दर्शनीय स्थल हैं। समुद्रतल से 5800 फुट की ऊंचाई पर स्थित गंगटोक का प्रारंभ से ही समुचित विकास होता आया है। यहां अच्छे से अच्छे रहने के स्थान, यातायात के साधन तथा संचार माध्यम उपलब्ध हैं। राज्य की पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा की वस्तुओं का केंद्र भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का स्थान है। यहां से केवल तीन किलोमीटर की दूरी पर 200 वर्ष पुराना महत्वपूर्ण बौद्ध मठ इंचे मॉनेस्ट्री है। ऐसा माना जाता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को लामा द्रुप्तोब कार्पो का आशीर्वाद मिलता है। लामा द्रुप्तोब यहां के लोकजीवन में



आस्था के एक गहरे प्रतीक के रूप में रचे-बसे हैं। हर साल जनवरी के आसपास यहां छाम नृत्य का उत्सव आयोजित किया जाता है। यह उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। व्हाइट हॉल के पास पूरे वर्ष फूलों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है।

### बौद्ध अध्ययन का केंद्र

गंगटोक में ही स्थित नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ टिबेटोलॉजी (एनआईटी) नाम का बौद्ध संस्थान दुर्लभ लेपचा, तिब्बती व संस्कृत पांडुलिपियों, मूर्तियों, थंका, कर्मकांड और पूजन विधि में प्रयोग आने वाले कपड़ों (टेपेस्ट्रीज) आदि दो सौ से अधिक बहुमूल्य वस्तुओं तथा कलाकृतियों का खजाना है। धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण यह संस्थान आज पूरे विश्व के लिए बौद्ध दर्शन तथा धर्म का अध्ययन केंद्र बना हुआ है।

छोग्याल पाल्डेन थोंडुप नामग्याल की स्मृति में यहां एक पार्क बना हुआ है। छोग्याल अर्थात राजा। नामग्याल वंश के 17वें तथा धार्मिक कार्यों के लिए पवित्रीकरण संस्कार प्राप्त 12वें राजा पाल्डेन थोंडुप की आर्थिक और सामाजिक सुधारों में शुरू से गहरी आस्था थी। राजा पाल्डेन आधुनिक शासन प्रणाली के समर्थक थे। इनके शासनकाल में ही सिक्किम में आधारभूत सुविधाओं की नींव रखी गई। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने स्कूल, सड़कें, चिकित्सालय आदि बनाने, पेयजल उपलब्ध कराने, यातायात हेतु सिक्किम राष्ट्रीयकृत ट्रांसपोर्ट, हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पॉवर स्कीम तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अन्य योजनाएं चलाने के लिए भी लगातार सहायता दी। 1982 में इनका देहांत हुआ। अंत तक वह बौद्धिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे।

### पवित्र छांगू झील

छांगू लेक, जिसे स्थानीय लोग छो गो लेक कहते हैं, गंगटोक से 40 किलोमीटर दूर है। समुद्रतल से 3780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह अंडाकार झील एक किलोमीटर लंबी और 15 मीटर गहरी है। स्थानीय लोगों की मान्यताओं के अनुसार यह एक पवित्र स्थान है। शीतकाल में यह जमी रहती है। मई से अगस्त के बीच इसके चारों ओर फैली पर्वतश्रृंखला व घाटियों में विभिन्न प्रकार के फूल खिले होते हैं। यहां खिलने वाले फूलों में रोडोडेंड्रोन, कई प्रकार के प्रिमुला, नीले और पीले पॉपीज, आइरिस आदि प्रमुख हैं। लाल पांडा तथा कई प्रजातियों के पक्षियों का यह पसंदीदा स्थान है। इसी दिशा में गंगटोक से 56 किलोमीटर दूर समुद्रतल से 14200 फुट की ऊंचाई पर स्थित नाथू ला है। ला अर्था पास या एक पहाड़ को लांघकर दूसरी ओर जाने का रास्ता। नाथू ला भारत-चीन (तिब्बत का पठार) सीमा पर स्थित है। यहां जाने के लिए पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से सिक्किम पर्यटन विभाग से परमिट लेनी पड़ती है। नाथू ला की ओर जाने की परमिट केवल भारतीय नागरिक ही पा सकते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियां और पेड़-पौधे देखने के शौकीन लोगों के लिए इसी क्षेत्र में स्थित सरमसा गार्डन और जवाहरलाल नेहरू बोटेनिकल गार्डन दर्शनीय हैं। जबकि वन्य जीवन में रुचि लेने वालों के लिए हिमालयन जूलोजिकल पार्क तथा फेम्बोंग लो वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी दिलचस्प जगहें हो सकती हैं। इनके अलावा दो द्रुल छोरटेन, रुमटेक धर्म चक्र केंद्र, पाल जुरमांग कागयुद मॉनेस्ट्री, वाटर गार्डन, बाबा हरभजन सिंह मेमोरियल, ताशी व्यू प्वाइंट, गोन्जांग मॉनेस्ट्री, गणेश टोंक, हनुमान टोंक, नोर छो सुक तथा अरितार यहां के अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

### जहां मिट जाते हैं पाप

पश्चिमी सिक्किम में पेमायांगसे मॉनेस्ट्री सबसे प्राचीन बौद्ध मठों में से एक है। राज्य की पहली राजधानी युकसम यहीं है। तीन विद्वान लामाओं द्वारा सन् 1641 में सिक्किम राज्य के प्रथम छोग्याल (राजा) का पवित्रीकरण संस्कार यहीं किया गया था। इसका प्रमाण नोरबूगांग छोरटेन में आज भी मौजूद है, जहां पत्थरों के सिंहासन और एक पत्थर पर मुख्य लामा के पैर की छाप देखी जा सकती है। वस्तुतः इस राज्य का इतिहास यहीं से शुरू होता है। स्थानीय लोग इस क्षेत्र को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जोंगरी-जेमाथांग





तथा कंचनजंगा बेस कैंप के लिए ट्रेकिंग कार्यक्रम भी युकसम से ही शुरू होते हैं। युकसम के बाद कुछ ही दूरी पर स्थित राबडेंसे राज्य की दूसरी राजधानी बनी थी। यहां अब केवल खंडहर शेष हैं। सन् 1814 तक यहीं से राजा ने राज्य का संचालन किया। ताशीडिंग मॉनेस्ट्री हृदय के आकार की पहाड़ी पर बनाई गई है, जिसके पीछे पवित्र कंचनजंगा पर्वत है। बौद्ध धर्मग्रंथों के अनुसार 8वीं शताब्दी में गुरु पद्मसंभाव, जिन्हें गुरु रिम्पूछे भी कहा जाता है, ने इस स्थान से ही सिक्किम की पवित्र भूमि को आशीर्वाद दिया था। ऐसा माना जाता है कि आज भी यहां आने वालों को गुरु रिम्पूछे का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेपचा समुदाय की बहुलता वाली इस घाटी में स्थित पवित्र गुरु इहेदू में गुरु रिम्पूछे के पैरों और हाथों के चिन्ह अभी भी सुरक्षित हैं। ताशीडिंग पवित्र छोरटेन (स्तूप) थोंग वा रांग डोल के लिए भी प्रसिद्ध है। इसका अर्थ है देखने भर से जीवनरक्षा करने वाला।

### संधि भाईचारे की

उत्तरी सिक्किम में जेमू ग्लेशियर से निकलने वाली तीस्ता नदी राज्य का गौरव बढ़ाती है। व्हाइट वाटर राफ्टिंग और कयाकिंग आदि वाटर स्पोर्ट्स के शौकीन लोगों के लिए सिक्किम में यही आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मई-जून में यहां साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की खासी भीड़ जुटी होती है। भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों से भी लोग यहां रोमांचक खेलों का मजा लेने तथा प्रकृति की सुंदरता को निहारने के लिए आते हैं।

अगर आप वन्य प्राणियों के जीवन में रुचि लेते हैं तो उत्तरी सिक्किम में ही स्थित कंचनजंगा नेशनल पार्क बहुत मुफीद जगह है। 850 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन्य जीव अभ्यारण्य को बायोस्फीयर रिजर्व के नाम से भी जानते हैं। यहां तमाम दुर्लभ प्रजातियों के कई जीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। इसके क्षेत्र में कई ग्लेशियर भी हैं, जिनमें जेमू ग्लेशियर सबसे लंबा और नयनाभिराम है। चिड़ियों की यहां कुल 550 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें ब्लड फेजेंट, सेटायर ट्रैगोपन, ऑस्प्रे, हिमालयन ग्रिफॉन, लैमर्जियर, बर्फीला कबूतर, इंपेयन फेजेंट, सन बड्र्स और गरुड़ शामिल हैं।

## विदेश में भी मौजूद हैं कई मंदिर जिन्हें देखकर आप भी कहेंगे वाह!



भारत को मंदिरों का देश भी कहा जाता है, ऐसा इसलिए क्योंकि यहां देवी-देवताओं के कई हजार मंदिर हैं। प्राचीन से लेकर नए मंदिरों के कारण भारत दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र है। वहीं, क्या आप जानते हैं कि भारत के अलावा भी अन्य देशों में हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिन्हें दुनियाभर में मान्यता प्राप्त है। दुनियाभर में प्रसिद्ध इन मंदिरों के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आया भी करते हैं। आज हम आपको उन्हीं मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत के अलावा दूसरे देशों में मौजूद हैं, आइए जानते हैं...

### मुन्नेस्वरम मंदिर, श्रीलंका

श्रीलंका के मुन्नेस्वर गांव में मुन्नेस्वरम नामक ये मंदिर काफी बड़ा है। इसके परिसर में कुल 5 मंदिर स्थित हैं। यहां मां काली और भगवान शिव का भी मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि जब श्रीराम ने राम का वध किया था तब वो यहां शिव जी की पूजा करने के लिए आए थे। ये ही कारण है कि इस मंदिर को धार्मिक तौर पर बेहद खास माना जाता है। यहां काफी लोग घूमने और शिव जी के दर्शन करने के लिए आते हैं।

### अंकोरवाट मंदिर, कंबोडिया

कंबोडिया में स्थित अंकोरवाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। हिन्दू मंदिरों में ये दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर माना जाता है। 12वीं सदी में इसका निर्माण कम्बुज के राजा सूर्यवर्मा ने करवाया था। इस मंदिर के चारों तरफ एक गहरी खाई है, जिसकी चौड़ाई 650 फुट और लंबाई ढाई मील है, जो इस मंदिर को खास बनाता है। इस मंदिर में हर वर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक ये मंदिर है।

### मुरूगन टेंपल, ऑस्ट्रेलिया

मुरूगन मंदिर ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में स्थित है। यहां पहड़ों के देवता कहलाए जाने वाले भगवान मुरूगन विराजमान है। इसलिए इस विशाल मंदिर को न्यू साउथ वेल्क के पहाड़ों पर बनवाया गया है। इस मंदिर और भगवान के प्रति यहां के हिन्दुओं की अपार आस्था है।

### पशुपतिनाथ मंदिर, नेपाल

भारत से करीबी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर स्थित है। दुनिया के सबसे प्राचीन हिन्दू मंदिरों में से एक ये मंदिर है। यहां पशुपति के रूप में शिव जी की पूजा होती है। हर साल यहां काफी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। यूनेस्को द्वारा इस मंदिर को विश्व विरासत स्थल का दर्जा मिला हुआ है।

### प्रम्बानन मंदिर, इंडोनेशिया

इंडोनेशिया में कई हिन्दू मंदिर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक प्रम्बानन मंदिर भी है। जिसका निर्माण नौवीं शताब्दी में किया गया था। ये मंदिर यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल माना जाता है। ये मंदिर केवल इंडोनेशिया का ही नहीं बल्कि पूरे साउथ एशिया का बहुत बड़ा मंदिर है।

### सागर शिव मंदिर, मॉरीशस

बड़ी संख्या में हिन्दू रहने वाले द्वीपीय देश मॉरीशस में सागर शिव मंदिर को एक पवित्र धार्मिक स्थल माना जाता है। इसका निर्माण साल 2007 में हुआ था। भगवान शिव की 108 फीट ऊंची कांसे की प्रतिमा इस मंदिर को खास बनाती है। भगवान शिव के दर्शन के लिए यहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

### रामलिंगेश्वर मंदिर, मलेशिया

मलेशिया की राजधानी क्वालालमपूर में रामलिंगेश्वर मंदिर स्थित है। साल 2012 में मलेशिया सरकार द्वारा इस मंदिर को ट्रस्ट के हवाले कर दिया गया। जिसके बाद से अब इस ट्रस्ट द्वारा ही मंदिर का प्रबंधन किया जाता है।

### कटास राज मंदिर, पाकिस्तान

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में कटास राज मंदिर स्थित है। ये एक प्राचीन भगवान शिव मंदिर है। छठी से नौवीं शताब्दी के बीच इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था। कहा जाता है कि ये मंदिर महाभारत काल से था। इससे संबंधित पांडवों की कई कहानियां प्रसिद्ध हैं।